रविवार, 1 जून 2025

मौसम

तापमान 27 – 33
आर्द्रता 75%
सूर्योदय: 4:52 सूर्यास्त: 18:17

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : पढ़ाई में थोड़ा कमजोर हूं लेकिन अपने सपने सब याद हैं।

पाकिस्तानी जासूसी केस में एनआईए ने 8 राज्यों के 15 स्थानों पर चलाया सर्च ऑपरेशन

एनआईए ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और वित्तीय दस्तावेज किए जब्त

■ **कोलकाता में कई जगहों पर मारे छापे**

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) आतंकवाद से संबंधित एक मामले के सिलसिले में शनिवार को दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और असम सहित आठ राज्यों में 15 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। पाकिस्तानी जासूसी केस में एनआईए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की।

इस दौरान अलग-अलग स्थानों से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और वित्तीय दस्तावेज जब्त किए गए। भारत विरोधी साजिश से जुड़े सुराग जुटाने में एनआईए लगी हुई है। संदिग्धों ने पाकिस्तानी एजेंटों को गोपनीय



जानकारी लीक की थी। जानकारी लीक करने के बदले सभी आरोपियों को भारत में अलग-अलग माध्यमों से पैसे मिले थे, जिसकी तफ्तीश जारी है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ कथित तौर पर गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की हाल ही में हुई गिरफ्तारी के सिलसिले में शनिवार को कोलकाता में तीन जगहों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। एनआईए ने जिन तीन जगहों पर छापेमारी की, वे कोलकाता के पार्क सर्कस, मोमिनपुर और इकबालपुर थे। डायमंड हार्बर रोड स्थित एक टूर एंड ट्रैवल एजेंसी के कार्यालय में भी छापेमारी की गई। एजेंसी के मालिक को कोलकाता स्थित एनआईए के कार्यालय में तलब किया गया है।

अधिकारियों ने कुछ संदिग्ध धन लेनदेन के संबंध में पूछताछ के लिए एक ट्रैवल एजेंसी के मालिक को भी अपने कार्यालय में बुलाया। एनआईए सूत्रों के अनुसार, अलीपुर में एक दुकान, खिदरपुर में एक ट्रैवल एजेंसी और पार्क सर्कस में एक होटल में तलाशी अभियान चलाया गया। दुकान के मालिक ने पुष्टि की कि उन्हें आगे की पूछताछ के लिए सोमवार को कोलकाता स्थित एनआईए कार्यालय पहुंचने के लिए कहा गया है। एनआईए के अधिकारियों ने टूर एंड ट्रैवल एजेंसी के कार्यालय में पहुंचकर दुकान के मालिक का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। इस सप्ताह की शुरुआत में एनआईए ने सीआरपीएफ के एएसआई मोती राम जाट को दिल्ली से गिरफ्तार किया था और उससे पूछताछ कर रही थी। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया कि उसने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ गोपनीय जानकारी साझा की, जिन्होंने खुद को टीवी पत्रकार बताया और कथित तौर पर उनसे पैसे लिए।

बंगाल के दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री शाह, आज कोलकाता में सांगठनिक सम्मेलन को करेंगे संबोधित

■ **कोलकाता में सांगठनिक बैठक सहित तीन कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत**

कोलकाता, समाज्ञा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बंगाल दौरे के दो दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की देर रात कोलकाता पहुंचे। यहां पहुंचने पर प्रदेश भाजपा के नेताओं ने कोलकाता एयरपोर्ट के बाहर उनका जबरदस्त स्वागत किया। शाह के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता भी एयरपोर्ट के बाहर मौजूद थे और उन्होंने अमित शाह स्वागतम जैसे नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। शाह कार्यकताओं का अभिवादन करने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से सीधे होटल के रवाना हो गए। शाह, रविवार को कोलकाता में तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इनमें से एक सरकारी कार्यक्रम है जबकि बाकी पार्टी का कार्यक्रम है। शाह अपने दौरे की शुरुआत में सबसे पहले राजरहाट-न्यूटाउन में नवनिर्मित केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद, दोपहर 2 बजे से नेताजी इंडोर स्टेडियम में वे पार्टी के सम्मेलन (सभा) में भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। इस बैठक में भाजपा का पूरा प्रदेश नेतृत्व से लेकर जिला व मंडल अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, शाह इस बैठक में राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति (रूपरेखा) पर ध्यान केंद्रित करेंगे और पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को बंगाल फतह का मंत्र देंगे। शाह का उत्तर कोलकाता के शिमला स्ट्रीट स्थित स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास पर भी जाएंगे। शाह के रविवार की रात में ही वापस दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

कोलंबिया ने पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला बयान वापस लिया: थरूर

बोगोटा : कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने पहले दिया गया अपना बयान वापस ले लिया। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता एवं सांसद शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लिए जाने की पुष्टि की। भारतीय सांसदों के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद आंतकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन से और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। थरूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''आज की शुरुआत कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के मामलों से जुड़े उनके वरिष्ठ सहयोगियों के साथ एक शानदार बैठक से हुई।'' उन्होंने कहा, ''मैंने हाल की घटनाओं पर भारत के दृष्टिकोण से उन्हें अवगत कराया और कोलंबिया द्वारा आठ मई को पाकिस्तान के प्रति 'हार्दिक संवेदना' व्यक्त किए जाने संबंधी बयान पर निराशा व्यक्त की।'' कांग्रेस सांसद ने कहा, ''मंत्री ने मुझे आश्वासन दिया कि बयान वापस ले लिया गया है और उन्होंने हमारे रुख को उचित तरीके से समझा है तथा उसका पुरजोर समर्थन किया गया है।''

भारत ने आतंक के खिलाफ नयी लक्ष्मण रेखा खींची, उम्मीद है कि शत्रु को सबक मिला होगा: सीडीएस

सिंगापुर : प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये आतंकवाद के खिलाफ एक नयी लक्ष्मण रेखा खींची है और उम्मीद है कि इस सैन्य कार्रवाई से हमारे शत्रु को कुछ सबक मिला होगा। यहां 'शांगरी-ला डायलॉग' से जुड़े कार्यक्रम के दौरान, हालिया ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान संबंधों में रणनीतिक स्थिरता से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीडीएस ने कहा कि ताली दोनों हाथों से बजती है, उम्मीद है कि वे इसे समझेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष ने परमाणु हथियारों से लैस दोनों पड़ोसी देशों को एक व्यापक संघर्ष के कगार पर ला खड़ा किया था। हालांकि, संघर्ष विराम के लिए सहमति बनने के बाद 10 मई को हमले रोक दिए गए थे। दोनों देशों के बीच टकराव से मिली सीख के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन के दौरान दूसरे देशों की स्वदेशी प्रणालियों और प्लेटफार्मों का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, हम 300 किलोमीटर तक की हवाई सुरक्षा को सटीकता के साथ भेदने में सक्षम थे। जनरल चौहान और विभिन्न देशों के कई अन्य रक्षा प्रमुखों या प्रतिनिधियों ने एशिया के एक प्रमुख शिखर सम्मेलन शांगरी-ला डायलॉग के एक भाग के रूप में आयोजित 'भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार संसाधान' विषय पर सेमिनार के दौरान संबोधन दिया।

सीडीएस जनरल चौहान ने पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान की बात स्वीकार की

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी ''सरासर गलत'' बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिये एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। भारत ने कहा कि इन सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर हुआ।

भाभी का सिर काटकर सरेराह घूमता रहा देवर, थाने में किया सरेंडर

■ **आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद में कर दी हत्या**

कोलकाता, समाज्ञा : आम के बगीचे में आम तोड़ने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि देवर ने अपनी भाभी सती मंडल (57) की गर्दन धारदार हथियार से उतार दी। देवर बिमल मंडल (58) ने न सिर्फ अपनी भाभी का सिर काटा बरन कटे सिर को लेकर ग्राम में घूमता रहा और फिर थाना जाकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। उक्त घटना शनिवार को दक्षिण 24 परगना के बासंती थाना अंतर्गत भरतगढ़ इलाके में घटी। वारदात से लोग दहल गए है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित युवक का नाम बिमल मंडल है। पुलिस का शुरुआती अनुमान है कि पारिवारिक विवाद के चलते इस नृशंस हत्या को अंजाम दिया गया है। हालांकि, इस बात की जांच की जा रही है कि इसके पीछे कोई और वजह तो नहीं है। पुलिस को आरोपित बिमल की मानसिक स्थिति को लेकर भी संशय है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। विस्तृत जानकारी के लिए पूछताछ जारी है। वैसे प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने भाभी की हत्या आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद में की। लेकिन पुलिस को आरोपी के बातों पर पूरी तरह से भरोसा नहीं हो रहा है। मृतका के पति की मौत तीन माह पहले हो गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भाभी का कटा हुआ सिर और हथियार लेकर खुद थाने जा रहा था। पुलिस को शक है कि हत्या के पीछे कोई पुरानी पारिवारिक रंजिश हो सकती है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर आम तोड़ने के विवाद को को ही हत्या की वजह माना जा रहा है। मामले की जांच पड़ताल शुरू हो गई है।

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,395 हुई (पृष्ठ 7)

नौकरी के बदले जमीन 'घोटाला' : मुकदमे पर रोक लगाने के अनुरोध वाली लालू की याचिका खारिज

नयी दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें नौकरी के बदले जमीन 'घोटाले' में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने कहा कि निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए कोई बाध्यकारी कारण नहीं हैं। इस बीच, अदालत ने मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करने संबंधी लालू प्रसाद की याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की है। अदालत ने 29 मई को सुनाए गए (जो 31 मई को उपलब्ध हुआ) अपने आदेश में कहा, वर्तमान मामले को आरोपों पर बहस के लिए विशेष न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है।

भारतीय सेना ने अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया

नयी दिल्ली : भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का 'युद्ध जैसी परिस्थितियों में' परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन (यूएल-पीजीएम), रनवे इंडिपेंडेंट (आरडब्ल्यूआई) रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम (आरपीएएस) और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''इन मूल्यांकनों के माध्यम से, भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है।''

थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगश्री के सिर सजा मिस वर्ल्ड 2025 का ताज

हैदराबाद : थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगश्री को शनिवार को यहां आयोजित ग्रैंड फिनाले के बाद 72वीं मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया। इथियोपिया की हासेट डेरेजे एडमसु को उपविजेता घोषित किया गया। भारत की प्रतिभागी नंदिनी गुप्ता शीर्ष 8 में पहुंचने से पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। आयोजकों के अनुसार, तेलंगाना में एक महीने तक उद्देश्यपूर्ण गतिविधियों, सांस्कृतिक मिलन और उद्देश्य-संचालित गतिविधियों के जीवंत कार्यक्रमों के बाद, दुनिया भर से पहुंची 108 प्रतिभागियों ने विश्व सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस वर्ल्ड का ताज जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा की। विजेता ओपल, अंतरराष्ट्रीय संबंधों की छात्रा हैं। उन्हें मनोविज्ञान और मानव विज्ञान में रुचि है और वह राजदूत बनना चाहती है। उन्होंने स्तन कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के लिए स्वयंसेवी के तौर पर काम किया है। मिस वर्ल्ड वेबसाइट के अनुसार, ओपल को उकेलेले (वाद्य यंत्र) बजाने में भी महारत हासिल है। उनके पास सोलह बिल्लियां और पांच कुत्ते हैं। मिस वर्ल्ड की अध्यक्ष जूलिया मोर्ले सी.बी.ई. ने जूरी का नेतृत्व किया और 72वीं मिस वर्ल्ड की विजेता की घोषणा की। अभिनेता सोनू सूद को प्रतिष्ठित मिस वर्ल्ड मानवतावादी पुरस्कार दिया गया।



आज का पंचांग

कोलकाता : 1 जून, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष षष्ठी, 20:05 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 21:38 तक, योग : ध्रुव, 09:10 तक, सूर्योदय : 4:52, सूर्यास्त: 18:17, चन्द्रोदय : 09:50, चन्द्रास्त: 23:13, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 16:33 से 18:13

साप्ताहिक : राशिफल
01-06-25 से 07-06-25

मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ : इस सप्ताह आपकी सेहत की बात करें तो आज आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी लापरवाही के कारण आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आपके व्यवसाय और करियर की बात करें तो आप अपने व्यवसाय को लेकर बहुत व्यस्त रहेंगे। आज आपकी कार्य कुशलता बहुत अधिक पड़ेगी। नौकरी वाले जातकों के लिए दिन अच्छा रहेगा। उन्हें नई जॉब का ऑफर मिल सकता है। आर्थिक दृष्टि से वर्तमान समय बहुत अधिक लाभदायक रहेगा।

वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो : वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा, परंतु गर्मी से अपना बचाव करते रहे। ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। आपका व्यवसाय और करियर इस सप्ताह आपकी आशा के अनुरूप अधिक अच्छा रहेगा। इंटीरियर डेकोरेशन फाइन आर्ट आदि क्षेत्र के लोगों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपके प्रेम संबंधों की बात करें तो आप अपने प्रेमी से अपने मन की बात कह सकते हैं। आपका प्रिय पात्र आपसे कहीं दूर रहने के लिए जा सकता है।

मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह : मिथुन राशि की जातकों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो इस सप्ताह आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई-लिखाई से भटक सकता है। आपके व्यवसाय और करियर की बात करें तो यदि आप सप्ताह के बीच में अपने व्यापार पर अधिक ध्यान दें तो आपका व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी के संबंध में आपकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। सप्ताह के दो दिन आपके प्रेम संबंधों के लिए बहुत अधिक अच्छे रहेंगे।

कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो : इस सप्ताह आपकी सेहत की बात करें तो आपका स्वास्थ्य थोड़ा सा खराब हो सकता है। आप अपने खानपान में नियंत्रण बरते अन्यथा, आपका पेट खराब हो सकता है। आपके व्यवसाय और करियर की बात करें तो प्रोफेशनल कंपनी में अच्छे तरीके से बढ़ने का मौका मिल सकता है। बिजनेस में आप अपने पार्टनर के साथ कंधे से कंधा मिलकर काम करेंगे। प्रेम संबंधों की बात करें तो आपके थोड़ा संभलकर रहना पड़ेगा। विवाहितों को अपने रिश्ते को बचाने के लिए कुछ अलग तरीके अपनाने होंगे।

सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे : यह सप्ताह सिंह राशि के जातकों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। इस सप्ताह आपकी सेहत की बात करें तो आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सप्ताह के अंत में बुखार और पैरों का दर्द परेशान कर सकता है। व्यापार वाले जातकों के लिए अच्छा रहेगा। वह अपने व्यापार में बहुत अधिक मेहनत करेंगे। नौकरी वाले जातकों के लिए भी दिन ठीक रहेगा। नौकरी पेशा जातक अपने दफ्तर में बहुत अधिक जोश के साथ में कार्य की शुरुआत करेंगे। आप अपने धन को लेकर थोड़ा सा सावधान रहे अन्यथा आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। भाग-दौड़ की अधिकता हो सकती है। कई कार्यों के समय से पूरा न होने से जातक थोड़ी चुनौतियाँ महसूस कर सकता है लेकिन कुछ बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्यों के पूरे हो जाने से जातक राहत महसूस कर सकता है। इस सप्ताह छात्रों के लिए समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। कभी-कभी पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है और कभी नही भी लग सकता है। इस सप्ताह व्यापार आदि के क्षेत्र में चुनौतियाँ आदि भी बनी रह सकती है इसलिए बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी सोच-समझकर निवेश करें।



तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते : तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आज आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा। आपको सर, बदन दर्द, बुखार जैसी समस्याएं घेरे रहेंगी। आपके करियर और व्यवसाय की बात करें तो नौकरी वाले जातकों के लिए सब अच्छा रहेगा। सैलरी में बढ़ोतरी हो सकती है। व्यवसाय वाले जातक अपने पार्टनर के साथ तालमेल बनाकर काम करेंगे तो आर्थिक उन्नति हो सकती है। आपके प्रेम और संबंध की बात करें तो आप अपने लव पार्टनर के साथ बहुत अधिक करीब रहेंगे।

वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक अपना महत्व बढ़ाने में सफल हो सकता है। समाज सेवा या राजनीति में लगे जातकों से लिए समय अनुकूल है। जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। सरकारी सेवा मे लगे जातकों के लिए समय लगभग अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से समय अनुकूल है। पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थितियाँ बन सकती है।

धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे : धनु राशि के जातकों के लिए सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। प्रेम संबंधों की बात करें तो आप और आपके लव पार्टनर के बीच में अच्छा तालमेल रहेगा। शादीशुदा जातकों की बात करें तो इस सप्ताह आपका जीवन साथी आपकी बातों से बहुत अधिक खुश नजर आएगा। आपकी सेहत की बात करें तो आपका स्वास्थ्य एकदम फिट रहेगा और किसी प्रकार का कोई शारीरिक कष्ट नहीं रहेगा। मौसमी बीमारियों से थोड़ा सा बच कर रहना अच्छा होगा। शेयर मार्केट में पैसा लगाने से बचे रहेंगे तो अच्छा रहेगा।

मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी : मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें खासतौर से ब्लड प्रेशर का आपको आर्थिक और मानसिक तौर पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपका प्रेम संबंधों की बात करें तो आपके प्रेम संबंधों में बहुत अधिक रोमांस बना रहेगा। शादीशुदा लोगों की बात करें तो आप अपने जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आपके रूपए पैसे की बात करें तो आप घरेलू सामान पर बहुत अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा : कुंभ राशि के जातकों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आज आप अपने खरे क्षेत्र में थोड़ा सा सावधान रहे। अपने कार्यों को ध्यान से पूरा करें। कार्य समय से पूरा न होने के कारण आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है, आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आज आप अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सा सावधान रहे। आपको अपने खान-पान पर नियंत्रण प्रार्थना होगा तथा मसाले वाला भोजन से दूर रहे।

मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची : मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप अपने नौकरी में बदलाव चाहते हैं तो समय अच्छा रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों को भी तरक्की के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपकी सेहत की बात करें तो कानों को यहां पैरों का दर्द परेशान कर सकता है। इसलिए आप डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

कानून के राज में वादी भी उतने ही महत्वपूर्ण, जितने बार और बेंच : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

प्रयागराज : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कानून के राज में वादी भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितना बार और बेंच। इलाहाबाद उच्च न्यायालय परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अधिवक्ता चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस उच्च न्यायालय में 2017 में आयोजित एक कार्यक्रम को याद किया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया था कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है। मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के साथ सहानुभूति दर्शाते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों जैसे टूटे चैंबर, यहां तक कि पेड़ के नीचे बैठकर काम करने के बावजूद वे न्याय दिलाने के लिए सतत प्रयासरत रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान के लागू होने का अमृत महोत्सव भी है।''

उप्र सरकार प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करेगी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश सरकार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर प्रदेश के सभी छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित करेगी। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) को अभी से तैयारी व प्रचार-प्रसार में जुट जाने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश ने योगी आदित्यनाथ की सराहना की

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ ''बेहद शक्तिशाली और मेहनती व्यक्ति हैं।'' उन्होंने कहा, ''इलाहाबाद की भूमि ताकतवर लोगों की भूमि है।'' न्यायमूर्ति गवई यहां इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि देशभर के बार एसोसिएशन को इस तरह की शानदार संरचना के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट बार से ईर्ष्या होगी क्योंकि उन्होंने दुनिया में ऐसा शानदार ढांचा नहीं देखा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार को लेकर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ को गर्व होने के संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रत्येक न्यायाधीश को अपने बार पर गर्व होता है और उन्हें नागपुर बार पर गर्व है।

संकट के समय देश को एकजुट रखने का श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए : प्रधान न्यायाधीश गवई

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने शनिवार को कहा कि देश पर जब भी संकट आया उसने मजबूती और एकजुटता के साथ उसका सामना किया और इसका ''श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए।'' यहां इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 680 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर भवन और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''जब संविधान का निर्माण किया जा रहा था और इसका अंतिम मसौदा संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, उस समय कुछ लोग कहा करते थे कि संविधान जरूरत से अधिक संघीय है तो कुछ लोग कहते थे यह जरूरत से अधिक एकात्मक है।'' उन्होंने कहा, ''बाबा साहेब ने इसका एक जवाब दिया था कि संविधान ना तो पूर्ण संघीय है और ना ही पूर्ण एकात्मक है। लेकिन एक चीज मैं आपको कह सकता हूं कि हमने ऐसा संविधान दिया है जो भारत को शांति और युद्ध दोनों के समय एकजुट और मजबूत रखेगा।''

पंजाब और हरियाणा में 'ऑपरेशन शील्ड' अभियान के तहत की गयी मॉक ड्रिल

चंडीगढ़ : पंजाब और हरियाणा के अधिकारियों ने शनिवार को आपात स्थिति के मद्देनजर तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाने के लिए 'ऑपरेशन शील्ड' अभियान के तहत मॉक ड्रिल की। शनिवार शाम को शुरू हुए इस अभ्यास के दौरान दोनों दोनों राज्यों के सभी जिलों में आपात स्थिति का अनुकरण किया गया। 'मॉक ड्रिल' के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा घायलों को स्ट्रेचर पर एम्बुलेंस में ले जाने और आग बुझाने का अभ्यान करते हुए देखा गया। इस अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक समय की स्थितियों में आपात प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करना और उसे बढ़ाना था। 'मॉक ड्रिल' में अग्निशमन व आपात सेवा, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों सहित कई एजेंसियों की समन्वित भागीदारी देखी गई।

राजस्थान : जयपुर सहित कई शहरों में 'मॉक ड्रिल'

जयपुर : नागरिक सुरक्षा की तैयारियों के आकलन के लिए 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत शनिवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में 'मॉक ड्रिल' की गई। जयपुर में हवाई हमले के परिदृश्य वाली मॉक ड्रिल आयोजित की गई। यह ड्रिल खातीपुरा के एक स्कूल भवन में हुई जहां आपातकालीन दलों ने बचाव अभियान का अभ्यास किया। नागरिक सुरक्षा और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल के तहत काम करते हुए 'घायलों' को तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार राज्य के अन्य शहरों में भी 'मॉक ड्रिल' की गई।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 15 वर्ष की जेल की सजा

प्रतापगढ़ (उप्र) : उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में एक अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को शनिवार को 15 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने बताया कि वादी ने 28 जुलाई, 2015 को थाना कोहंडौर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव का एक व्यक्ति दीपचंद्र उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करता था। सिंह ने कहा कि किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया तो उसके गर्भवती होने संबंध में जानकारी मिली, जब पीड़िता से पूछा गया तो उसने बताया कि दीपचंद्र धमकाकर दुष्कर्म करता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दीपचंद्र के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर 28 अगस्त, 2015 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बिहार में गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या, एक अन्य घायल

पटना : बिहार के पटना जिले के फतुहा इलाके में गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार शाम को फतुहा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत बांकीपुर दुर्गालांग इलाके के पास हुई, जब हथियारबंद लोगों ने दोनों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। मृतक की पहचान हरिओम यादव और घायल की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है। पत्रकारों से बातचीत में फतुहा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) निखिल कुमार ने कहा, ''विशाल यादव नामक व्यक्ति द्वारा दो व्यक्तियों को गोली मारे जाने की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पीड़ितों को निकटतम सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां यादव को मृत घोषित कर दिया गया।''

प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली : नड्डा



जयपुर : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज 'रिपोर्ट कार्ड' की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा, ''आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। यह बदलती हुई तस्वीर हम लोगों को देखने को मिल रही है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदल दी है। नड्डा ने कहा कि पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज 'रिपोर्ट कार्ड' की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा, ''हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना

देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तिकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है। जवाबदेही, प्रदर्शन और विकास की राजनीति ...यह हमारे काम करने का तरीका है।'' भाजपा नेता ने कहा, ''मोदी जी ने यह संस्कृति बनाई है और रिपोर्ट कार्ड की संस्कृति जोड़ी है कि जिस जनता ने चुना है उस जनता को अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाओ। इसलिए नीति निर्धारकों का बहुत बड़ा असर पड़ता है यह हमको समझना चाहिए।''

बिहार: विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की

पटना : बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में महज चंद महीने पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के प्रमुख दिलीप जायसवाल ने शनिवार को पदाधिकारियों की नई सूची जारी की, जिसमें एक दर्जन से अधिक उपाध्यक्ष शामिल हैं। पार्टी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य इकाई के 13 उपाध्यक्षों में राज्यसभा सदस्य धर्मशील गुप्ता और विधान परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार चंद्रवंशी शामिल हैं। धर्मशील गुप्ता वैश्य जाति से ताल्लुक रखते हैं जबकि चंद्रवंशी के चयन ने पार्टी की अति पिछड़ी जातियों तक पहुंच का संकेत दिया है। प्रदेश इकाई के उपाध्यक्षों में शामिल अन्य उल्लेखनीय चेहरों में पूर्व विधायक बेबी कुमारी (दलित), राजेंद्र सिंह (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक) शामिल हैं। सिंह ने पांच वर्ष पूर्व हुए विधानसभा चुनाव से पहले लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का दामन छोड़ दिया था लेकिन 2022 में वह वापस पार्टी में आ गए। पांच नेताओं को प्रदेश महासचिव बनाया गया है, जिनमें पूर्व विधायक शिवेश राम भी शामिल हैं। राम पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र सासाराम से भाजपा के उम्मीदवार थे हालांकि इस सीट पर उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इसके अतिरिक्त, राज्य इकाई के 14 सचिव, एक कोषाध्यक्ष और दो राज्य सह-कोषाध्यक्षों की नियुक्ति भी की गयी है।

गोरखपुर के पांच इलाकों में बर्ड फ्लू की आधिकारिक पुष्टि, 21 दिन के लिए पक्षी बाजार बंद करने का आदेश

गोरखपुर (उप्र) : गोरखपुर के पांच इलाकों में बर्ड फ्लू की आधिकारिक पुष्टि हुई है, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने अगले 21 दिन के लिए शहर के सभी जीवित पक्षी बाजारों को तत्काल बंद करने का आदेश दिया है। शनिवार को अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने बताया कि यह निर्णय भोपाल में राष्ट्रीय पशु रोग संस्थान द्वारा पक्षियों नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा एच5एन1 और एच9एन2 की उपस्थिति की पुष्टि के बाद लिया गया है। गोरखपुर प्रशासन के अनुसार, झुंगिया बाजार, एल्युमिनियम फैक्ट्री क्षेत्र, तारामंडल, भगत चौराहा और शहीद अशफाकउल्ला खान प्राणी उद्यान से एकत्र किए गए नमूनों में वायरस की पुष्टि हुई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) ने जिला-स्तरीय त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को सतर्क कर दिया है, और सदर पशु चिकित्सा अस्पताल में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सिंह ने घोषणा की कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए संक्रमित क्षेत्रों के एक किलोमीटर के दायरे में पक्षियों को मारने का काम शुरू हो गया है। सिंह ने कहा, इन निर्दिष्ट क्षेत्रों में सभी जीवित पक्षियों को मार दिया जाएगा और वायरस के प्रसार को रोकने के लिए व्यापक कीटाणुशोधन अभियान सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है।

बहराइच में लक्कड़ शाह बाबा की मजार पर लगने वाले मेले पर लगाई रोक

बहराइच (उप्र) : बहराइच जिले में कतर्नियाघाट जंगल के कोर क्षेत्र में स्थित लक्कड़ शाह बाबा की मजार पर हर साल आयोजित किए जाने वाले एक दिवसीय मेले पर जिला प्रशासन ने रोक लगा दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने मानव-वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने का हवाला देते हुए यह फैसला लिया है। वही, मेला आयोजकों ने इस फैसले पर विरोध जताया है। कतर्नियाघाट के प्रभागीय वन अधिकारी बी. शिवशंकर ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''प्रभाग के मुर्तिहा रेंज में लक्कड़ शाह की मजार है जहां ज्येष्ठ माह में आयोजित होने वाले एक दिवसीय मेले में काफी भीड़ होती है। यह स्थान जंगल के कोर क्षेत्र में आता है इसीलिए पिछले चार सालों से यहां भीड़ एकत्र करने पर रोक लगाई जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''हमने यहां 'स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स', सशस्त्र सीमा बल, पुलिस व वन विभाग के लोगों को भीड़ रोकने के लिए जिम्मेदारी दी गई थी जिससे वहां भीड़ एकत्र न हो और मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसी घटनाएं न हो।'' अधिकारी ने बताया, ''मजार पर धार्मिक क्रियाकलाप और जियारत पर कोई रोक नहीं लगाई गयी है। क्षेत्र में भीड़ रोकने के लिए वाहनों के आवागमन व आग जलाकर खाना बनाने व वहां रुकने या रात्रि विश्राम पर रोक लगाई गयी है।'' शिवशंकर ने बताया कि मजार के प्रबंधकों ने इस स्थान को वक्फ की जमीन बताकर वन विभाग के समक्ष अपना दावा पेश किया था, लेकिन जमीन के स्वामित्व संबंधी कोई कागजात वह पेश नहीं कर सके इसलिए उनके दावे खारिज हो गए थे। इस संबंध में लक्कड़ शाह मजार प्रबंध समिति के अध्यक्ष रईस अहमद ने कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक इस दरगाह पर दोनों धर्म के लोगों की आस्था है जहां 40 प्रतिशत मुस्लिम और 60 प्रतिशत हिंदू लोग आते हैं। उन्होंने कहा, ''सदियों से यहां मेले लगते रहे हैं। पहली बार इतनी सख्ती की जा रही है कि लाठी लेकर जनता को भगाया जा रहा हैं, खाना बना रहे जायरीन के चूल्हे में पानी तक डाल दिया गया। जो वन विभाग अभी तक यहां नीलामी द्वारा ठेके देता था, 'वर्क ऑर्डर' जारी करता था, वही अब इसे अतिक्रमण बता रहा है।''

नफरत भरा भाषण देने के दोषी विधायक अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

खतरे में आयी विधानसभा की सदस्यता

मऊ (उप्र) : मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनायी। इसके साथ ही अंसारी की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आ गई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद ''हिसाब-किताब करने और सबक सिखाने'' की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' को बताया कि इस मामले में अंसारी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 189 (लोक सेवक को क्षति पहुंचाने की धमकी), 153-ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास और भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव को बिगाड़ना), 171-एफ (चुनाव में अनुचित प्रभाव डालना) और 506 (आपराधिक धमकी देना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

वर्ग पहेली नं. 3109

1		2	3		4	■	5	■	6
■	■	7		■		■	8		
9	10		■	11		12		■	
■		■	13		■		■	14	
15					■		■	■	■
■		■		■	16		17	18	
19		■	20	21		■	22		■
	■	23			■	24		■	25
26			■	27		■	28		



बायें से दायें:- 1) कानाफूसी, 7) जल्दी से, 8) यान का छत, 9) फबना; प्रियतम, 11) गुनगुना, 13) पत्नी; मनोहारिणी स्त्री, 14) भटकती आत्मा, 15) नभचर, 16) अत्याचारी; अन्यायी, 19) घूँट लेना, 20) झूठ बोलनेवाला, 22) फिर से शुरू होनेवाला *(साल)*, 23) कदाचित्, 24) अलावा, 26) दुलारा बच्चा, 27) मुरदा, 28) कंगाल.

ऊपर से नीचे:- 2) बनावट; निर्माण, 3) लंबाई का एक मान, 4) दाँत, 5) चुनना, 6) दुष्कर्म, 10) मर्दुमशुमारी, 11) पाँच साल तक का बालक, 12) ईश्वरीय शक्ति, 13) *हिंदी में रीडिंग रूम*, 16) छोर, 17) पटाना, 18) एक *बिहारी* पुण्यक्षेत्र, 19) बरगद की जाति का प्रसिद्ध एक वृक्ष, 21) वस्तुविनिमय; क्षतिपूर्ति, 23) तड़कभड़क; ठाट-बाट; डींग, 25) एक बार और.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

ई	ष्यो	■	ज	ब	त	ब	■	मं	शा
मा	■	प्र	श्न	■	त्वा	■	न	ग	दी
न	क्रा	ब	■	पा	व	■	■	ल	■
दा	■	ल	ता	■	धा	रा	प्र	वा	ह
र	सा	■	क	.फ	न	■	सू	र	■
■	ख	ल	ना	■	■	प	ता	■	सि
उ	■	बा	■	अ	क	ड़	■	नु	क्स
ल	प	ल	पा	ना	■	ता	लु	.क	■
टा	■	ब	■	ड़ी	■	ल	■	ता	गा

सुडोकू-पहेली-3066

3	1		7	5				
4		6						2
	9							
9			8				5	7
			2					9
8			6	1		3		
				8			7	
		4			3			6

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3065 का उत्तर

1	9	6	4	3	8	7	2	5
8	5	4	7	6	2	1	3	9
2	3	7	5	1	9	8	4	6
6	7	5	1	9	3	4	8	2
3	8	2	6	4	5	9	1	7
9	4	1	2	8	7	6	5	3
4	2	9	8	5	6	3	7	1
7	1	3	9	2	4	5	6	8
5	6	8	3	7	1	2	9	4

ऑपरेशन सिन्दूर के समर्थन में किया पोस्ट, कमेंट में हुए विरोध पर कर दी आपत्तिजनक टिपण्णी, गिरफ्तार

❑ **एलएलबी कर रही हिन्दू छात्रा को कोलकाता पुलिस गुरुग्राम से लाई कोलकाता**

❑ **'ये लोकतंत्र नहीं है', अलीपुर सीजेएम कोर्ट में शर्मिष्ठा पनोली ने पेशी के बाद कहा**

कोलकाता, समाज्ञा : ऑपरेशन सिन्दूर पर वीडियो पोस्ट करने के बाद मुस्लिम धर्म के कुछ लोगों ने उसपर कमेंट किया था, जिसका जवाब देते हुए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली ने आपत्तिजनक टिपण्णी कर दी। इस पर उसके खिलाफ गार्डेन रीच थाने में एक शिकायत दर्ज की गयी। शिकायत के आधार पर शर्मिष्ठा पनोली को हरियाणा के गुरुग्राम से अरेस्ट करने के बाद शनिवार को कोलकाता पुलिस ने

अलीपुर सीजेएम कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पता चला है कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार की देर रात 10 बजे कोलकाता पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया और इस दिन, शर्मिष्ठा पनोली को पश्चिम बंगाल लाकर अलीपुर सीजेएम की अदालत में पेश किया गया। बताया गया है कि शर्मिष्ठा पनोली को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लेकर पहुंची थी। कोर्ट ने अदालत में पेशी के दौरान पुलिस हिरासत मांगी लेकिन अदालत ने पुलिस हिरासत को खारिज करते हुए शर्मिष्ठा पनोली को 13 जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद शर्मिष्ठा पनोली काफी ज्यादा गुस्से में नजर आई। पुलिस की गाड़ी में बैठने के दौरान वो चीखते-चिल्लाती नज़र आई और शर्मिष्ठा ने कहा कि लोकतंत्र में रहते हुए जिस तरह से उसका उत्पीड़न किया गया है, ये लोकतंत्र नहीं है। उल्लेखनीय है कि पुणे की लॉ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली शर्मिष्ठा पनोली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सोशल मीडिया पोस्ट पर जवाब देते हुए मुस्लिम धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उसके खिलाफ कोलकाता में केस दर्ज किया गया था। हालांकि, उसने अपने पोस्ट के लिए बाद में सार्वजनिक तौर पर माफी भी मांगी थी। लेकिन कोलकाता पुलिस ने गुरुग्राम जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया और अब वो 13 जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में है।

❑ **शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी पर शुभेंदु अधिकारी का तृणमूल सरकार पर हमला**

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने एक खास वोटबैंक को खुश करने के लिए ये कार्रवाई की है, जबकि उन्होंने अपने ही नेताओं के खिलाफ ऐसी कोई कार्रवाई अब तक नहीं की। शुभेंदु अधिकारी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सभी कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ सनातनियों के खिलाफ ही की जाती है। उन्होंने कहा कि जब तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने देवी काली के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? इसके अलावा, उन्हीं की पार्टी की एक और सांसद सायोनी घोष ने भगवान शिव (महादेव) को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर क्या पोस्ट किया था, क्या उसे लेकर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई हुई? वहीं, फिरहाद हकीम के खिलाफ ऐसी कई एफआईआर दर्ज हैं, लेकिन क्या आज तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई, बिल्कुल नहीं। क्योंकि कार्रवाई तो सिर्फ सनातनियों के खिलाफ ही होगी और यहां हर किसी को सनातनियों को गाली देने का लाइसेंस मिला हुआ है।

पीरजादा खोबैब अमीन कांग्रेस में शामिल

कोलकाता, समाज्ञा : बसीरहाट और कई अन्य क्षेत्रों में प्रभाव रखने वाले पीरजादा खोबैब अमीन शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शुभांकर सरकार की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। खेड़ा ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा कि पीरजादा अमीन जी पश्चिम बंगाल के मशहूर परिवार से हैं। इनके परिवार का प्रभाव पश्चिम बंगाल के साथ ओडिशा, त्रिपुरा में भी है और मुस्लिम पुनर्जागरण में इनके परिवार ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि पीरजादा जी का परिवार समाज में सौहार्द और शांति बनाए रखने की मिसाल है। खेड़ा ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि राजनीति में आने के निर्णय में पीरजादा जी ने कांग्रेस पार्टी को चुना। हम इनका कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हैं।

बंगाल में एक ही छलांग में कोरोना के मामलों की संख्या हुई 205



कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में फिर से चिंता के बादल मंडराने लगे हैं। क्या फिर से लौट रहे हैं वे भयावह दिन? हालात देखकर कई लोग ऐसे ही सवाल उठा रहे हैं। शनिवार शाम को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कोरोना संक्रमण के मामलों में अचानक तेज़ उछाल आया है। पिछले 24 घंटों में संक्रमण के 89 नए मामले सामने आए हैं, जिससे कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 205 हो गई है। शुक्रवार तक राज्य में संक्रमितों की संख्या 116 थी। स्वास्थ्य भवन ने भी स्थिति को चिंताजनक माना है। इसी कारण, राज्य सरकार ने पहले से ही एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) और आईएलआई (इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी) जैसे लक्षणों वाले मरीजों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश जारी कर दिया है। जनता से भी अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और कोरोना से बचाव के सभी नियमों का पालन करें।

नेताजी भवन मेट्रो के सामने से अपहरण, जादवपुर से बचाया

मामले में पुलिस ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : महानगर के नेताजी भवन मेट्रो स्टेशन के सामने से एक व्यक्ति के अपहरण की घटना को लेकर जहां व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया है वहीं अपहरणकर्ताओं ने पांच लाख रुपये की फिरौती की मांग की है। भुक्तभोगी के परिवार की ओर से लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस ने राजा एससी मलिक रोड पर जादवपुर में एक रिहायशी इमारत की 12वीं मंजिल से उक्त व्यक्ति को बचाया। साथ ही, पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण 24 परगना के कुलपी निवासी तिमिरकांति मजूमदार का इस महीने की 28 तारीख को बदमाशों ने अगवा कर लिया था। तिमिरकांति की पत्नी तापसी मजूमदार ने

भवानीपुर पुलिस को इसकी सूचना दी थी। लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। टीम में एक महिला पुलिस अधिकारी को भी शामिल किया गया। पुलिस को शुरू में जांच में कोई सूत्र नहीं मिला रहा था। अपहृत व्यक्ति के परिवार वाले किसी संदिग्ध या आरोपी का नाम नहीं बता पा रहे थे। हालांकि, अगवा किए गये व्यक्ति की पत्नी तापसी से बात करने पर पुलिस को पता चला कि उसने ने यूपीआई के जरिए किसी अनजान नंबर पर 10 हजार रुपये भेजे हैं। पुलिस ने तुरंत उस नंबर को ट्रैक किया। साइबर पुलिस की मदद ली गई। पता चला कि मोबाइल जादवपुर इलाके में है। पुलिस की विशेष टीम ने जादवपुर थाने के सुकांत सेतु इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ में जांचकर्ताओं को कई जानकारियां मिलीं। इसी तरह पुलिस ने राजा एससी मल्लिक रोड के किनारे एक आवास पर छापेमारी की। पुलिस ने उस आवास की 12वीं मंजिल के एक कमरे से अपहृत व्यक्ति को मुक्त कराया। पुलिस ने घर से सजल बोस, सुदीप मजूमदार, सुमन बोस, समीर कुमार देव, संदीप उर्फ चीमा दास नामक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस अपहरण के कारणों, इसके पीछे कोई दुश्मनी थी या नहीं, सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग–खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई.निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक– डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 86–2025 दिनांक 28.05.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित** – मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दो विविध कार्यः **भाग–1:** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप मंडल के तहत सतना और रीवा स्टेशन में ऑफ साइड प्लेटफॉर्म परीक्षा पर सीसी पाथवे का निर्माण। (कार्य का भाग – जबलपुर जबलपुर, सतना, कटनी मुडवारा और रीवा स्टेशन पर सुरक्षित रूप से परीक्षा कराने की सुविधाओं को अपग्रेड करना।) **भाग–2:** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप मंडल के तहत सतना में नए स्क्रैप यार्ड की व्यवस्था। (कार्य का भागः सतना डाउन यार्ड सतना में सामान्य प्रकाश व्यवस्था को अपग्रेड करके एलयूएक्स स्तर में सुधार। **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये – 1,67,11,376/–, बयाना राशि– 2,33,600/–,समापन अवधि– 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एंव समय 15:00 बजे– 20.06.2025, निविदा खुलने की तिथि एंव समय 15:15– 20.06.2025, निविदा सूचना क्रमांक– डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 87–2025 दिनांक 28.05.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित** – सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत दो वर्षों के लिए सेप्टिक टैंक, सीवर लाइन और चेम्बरों की सफाई। **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये – 70,85,580/–, बयाना राशि– 1,41,700/–,समापन अवधि– 24 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एंव समय 15:00 बजे– 20.06.2025, निविदा खुलने की तिथि एंव समय 15:15 20.06.2025,** उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

सुबीर कुमार साहा ने गन एंड शेल फैक्टरी के कार्यकारी निदेशक पद का कार्यभार संभाला

कोलकाता, समाज्ञा : रक्षा उत्पादन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले सुबीर कुमार साहा ने एक जून से गन एंड शेल फैक्टरी, काशीपुर के कार्यकारी निदेशक के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। सुबीर साहा ने 33 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय आयुध निर्माणियों में कार्य किया है और इस दौरान उन्होंने रक्षा उत्पादन, इंजीनियरिंग प्रबंधन और रणनीतिक योजना में समृद्ध अनुभव अर्जित किया है। उनके पेशेवर सफर में निरंतर प्रगति, सशक्त नेतृत्व और देश की रक्षा तथा जनसेवा के प्रति गहरी निष्ठा देखने को मिलती है। नए पदभार ग्रहण करने के बाद साहा ने कहा कि इस अवसर के लिए मैं एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड का आभार प्रकट करता हूं।

दो जूनियर डॉक्टरों देवाशीष और अशफाकुल्ला ने शुरू किया काम, अनिकेत के बगावती तेवर बरकरार

कोलकाता, समाज्ञा : स्थानांतरण विवाद के बीच डॉ. देवाशीष हलदर और डॉ. अशफाकुल्ला नाइया ने आखिरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी नई नियुक्ति को ज्वाइन करने का फैसला किया है। हालांकि, डॉ. अनिकेत महतो अब भी अपने निर्णय पर कायम हैं और कानूनी लड़ाई की राह चुन रहे हैं। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में जारी आदेश के अनुसार, जूनियर डॉक्टरों को वरिष्ठ रेजिडेंट के तौर पर जिला अस्पतालों में नियुक्त किया गया था। इस निर्णय के बाद डॉ. देवाशीष हलदर (गाजोल मेडिकल कॉलेज, मालदह), डॉ. अशफाकुल्ला नाइया (पुरुलिया देबेन महतो मेडिकल कॉलेज) और डॉ. अनिकेत महतो (रायगंज मेडिकल कॉलेज) को क्रमशः अपनी ड्यूटी जॉइन करनी थी। हालांकि, शुरू में, तीनों डॉक्टरों ने नियुक्ति को लेकर असहमति जताई थी और सरकारी आदेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था लेकिन अब डॉ. देवाशीष और डॉ. अशफाकुल्ला ने अपना रुख बदलते हुए ड्यूटी ज्वाइन करने का निर्णय लिया है। डॉ. देवाशीष हलदर ने कहा कि हमने तय किया है कि हम काम पर लौटेंगे ताकि स्थानीय लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। हम यह भी दिखाना चाहते हैं कि यह आंदोलन केवल डॉक्टरों का नहीं, बल्कि आम लोगों का भी है। हालांकि, काम पर लौटने के बावजूद डॉ. देवाशीष हलदर और डॉ. अशफाकुल्ला नाइया ने अपनी नियुक्तियों को कानूनी चुनौती भी दी है। इस बीच, डॉक्टर अनिकेत महतो ने अब तक रायगंज मेडिकल कॉलेज में जॉइन नहीं किया है। डॉक्टर देवाशीष के अनुसार, अनिकेत काम पर लौटे बिना कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे। वरिष्ठ डॉक्टरों का एक वर्ग मानता है कि तीनों डॉक्टरों को समझ में आ गया है कि ग्रामीण इलाकों में पोस्टिंग से इनकार करने को समाज और चिकित्सा जगत दोनों में ही नकारात्मक रूप में देखा जा रहा है। इसी कारण डॉ. देवाशीष और डॉ. अशफाकुल्ला ने सार्वजनिक समर्थन की कमी को भांपते हुए वापस काम पर लौटने का निर्णय लिया।

दो साल बाद फिर मिला केंद्रीय फंड

ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य को मिले 391 करोड़ रुपये

कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंगाल के लिए एक सुखद समाचार सामने आया है। केंद्र सरकार ने राज्य को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत 391 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। यह राशि चालू वित्तीय वर्ष की पहली किस्त के रूप में दी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले दो वर्षों से केंद्र सरकार ने इस परियोजना के तहत पश्चिम बंगाल को कोई धनराशि नहीं दी थी।

इसकी वजह बताई जा रही थी कि राज्य ने कुछ केंद्रीय शर्तों का पालन नहीं किया था, जिस कारण केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने फंडिंग रोक दी थी। अब दो साल बाद, केंद्र सरकार ने फंड जारी करने का निर्णय लिया है। नवान्ना सूत्रों के अनुसार, केंद्र की ओर से राज्य सरकार को एक आधिकारिक पत्र भेजकर सूचित किया गया है कि यह 391 करोड़ रुपये की राशि वित्त वर्ष 2025–26 की पहली किस्त के रूप में दी जा रही है।

इस फंड का उपयोग ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के बुनियादी ढांचे के विकास, नए 'सुवास्थ्य केंद्रों' की स्थापना, और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस फैसले का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

कुछ स्टेशनों पर तेरह ट्रेनों की समयसूची में संशोधन

निम्नलिखित तेरह ट्रेनों की समयसूची में उनके सामने उल्लिखित स्टेशनों पर निम्नानुसार **संशोधन** किया जाएगा:

ट्रेन नं. एवं नाम	स्टेशन	संशोधित समयसूची	
		आ.	प्र.
15721 दीघा–न्यू जलपाईगुड़ी पहाड़िया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	बारसोई	05.15	05.17
	किशनगंज	06.10	06.12
12343 सियालदह हल्दीबाड़ी दार्जिलिंग मेल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	किशनगंज	06.15	06.17
	न्यू जलपाईगुड़ी	07.50	08.05
	जलपाईगुड़ी	08.45	08.47
13163 सियालदह–सहरसा हाटे बाजारे एक्सप्रेस (मानसी होकर) (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	एकलाखी	04.55	04.57
	समसी	05.10	05.12
	भालुका रोड	05.23	05.25
	हरिश्चंद्रपुर	05.35	05.37
	कुमेदपुर	05.58	06.00
	लाभा	06.10	06.12
	कटिहार जं.	07.15	07.30
13169 सियालदह–सहरसा हाटे बाजारे एक्सप्रेस (पूर्णिया होकर) (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 05.06.2025)	एकलाखी	04.55	04.57
	समसी	05.10	05.12
	भालुका रोड	05.23	05.25
	हरिश्चंद्रपुर	05.35	05.37
	कुमेदपुर	05.50	05.52
	लाभा	06.10	06.12
	कटिहार जं.	07.15	07.30
13147 सियालदह–बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	समसी	02.48	02.50
	कुमेदपुर	03.13	03.15
	आजमनगर रोड	03.30	03.32
13149 सियालदह–अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	भालुका रोड	03.45	03.47
	हरिश्चंद्रपुर	03.58	04.00
	बारसोई	04.30	04.32
15657 दिल्ली–कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	समसी	00.13	00.15
	बारसोई	01.05	01.07
15959 हावड़ा–डिब्रुगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (गुवाहाटी होकर) (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	समसी	01.53	01.55
	हरिश्चंद्रपुर	02.12	02.14
15961 हावड़ा–डिब्रुगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (रंगापाड़ा नॉर्थ होकर) (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.06.2025)	हरिश्चंद्रपुर	02.12	02.14
13145 कोलकाता–राधिकापुर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	समसी	03.08	03.10
	भालुका रोड	03.21	03.23
	हरिश्चंद्रपुर	03.33	03.35
	बारसोई	04.08	04.13
12041 हावड़ा–न्यू जलपाईगुड़ी शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	बारसोई	20.30	20.31
13148 बामनहाट–सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.06.2025)	न्यू जलपाईगुड़ी	17.30	17.40
	अलुआबाड़ी रोड	18.23	18.25
13159 कोलकाता–जोगबानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.06.2025)	समसी	05.23	05.25
	हरिश्चंद्रपुर	05.50	05.52

टिप्पणी: अन्य सभी स्टेशनों पर इन ट्रेनों की समयसूची अपरिवर्तित रहेगी।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कालीगंज उपचुनाव के लिए भाजपा ने आशीष घोष को बनाया उम्मीदवार

कोलकाता, समाज्ञा : भाजपा ने नदिया जिले के कालीगंज विधानसभा उपचुनाव के लिए आशीष घोष को शनिवार को अपना उम्मीदवार घोषित किया। भाजपा की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि घोष एक वफादार और समर्पित पार्टी कार्यकर्ता हैं। वह क्षेत्र के लोगों के लिए काम करते हैं। वह संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा उम्मीदवार स्थानीय पंचायत के सदस्य और पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष हैं। बता दें कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने नसीरुद्दीन अहमद की बेटी अलीफा अहमद को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, कांग्रेस ने काबिल उद्दीन शेख को अपना उम्मीदवार बनाया है तथा

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम मोर्चा ने उन्हें समर्थन दिया है। उपचुनाव के लिए मतदान 19 जून को होगा और परिणाम 23 जून को घोषित किये जायेंगे।

कानून का रक्षक ही बना लुटेरा! हाई कोर्ट ने खारिज की कांस्टेबल की जमानत याचिका

कोलकाता, समाज्ञा : कानून की रक्षा करने वाले ही जब अपराध में शामिल हों, तो न्याय व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है। 2022 में कोलकाता के मयूरभंज रोड स्थित एक होटल में हुई डकैती मामले में गिरफ्तार एक पुलिस कांस्टेबल की जमानत याचिका को शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ डकैती में संलिप्तता के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं और इस स्थिति में उसे फिलहाल जमानत नहीं दी जा सकती।

❑ **क्या था मामला?**

2 नवंबर, 2022 को मयूरभंज रोड के पास स्थित एक होटल में कथित तौर पर 33 लाख 30 हजार रुपये

की डकैती हुई थी। जांच के दौरान इस सनसनीखेज मामले में कोलकाता पुलिस के एक सीनियर कांस्टेबल और एक कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया। दोनों उस समय एकबालपुर थाने में तैनात थे।

❑ **कांस्टेबल की दलील और कोर्ट की प्रतिक्रिया**

जमानत की अपील करते हुए आरोपी कांस्टेबल ने अदालत में कहा कि वह इस डकैती की योजना से अनजान था। उसने दावा किया कि वह अपने सीनियर कांस्टेबल के निर्देश पर सिर्फ होटल के बाहर पहरा दे रहा था। हालांकि, न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की एकल पीठ ने आरोपी की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि उसके खिलाफ जांच में कई अहम सबूत मिले हैं और वह किसी भी तरह से निर्दोष साबित नहीं हो पा रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि अलीपुर कोर्ट में मामला विचाराधीन है, इसलिए इस स्तर पर जमानत देना उपयुक्त नहीं होगा।

❑ **पहले भी खारिज हो चुकी है जमानत याचिका**

इससे पहले, इसी मामले में आरोपी सीनियर कांस्टेबल की जमानत याचिका को भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उस समय न्यायमूर्ति अरिजीत बंद्योपाध्याय और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रॉय की खंडपीठ ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पुलिस का काम आम नागरिकों की सुरक्षा करना है, न कि लूटपाट करना। उन्होंने यह भी टिप्पणी की थी कि आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग किया और अपराध से लाभ उठाया इस फैसले से एक बार फिर यह संदेश गया है कि कानून के रक्षक यदि कानून तोड़ते हैं, तो उनके साथ किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। अदालत का यह फैसला न केवल न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखेगा, बल्कि पुलिस प्रशासन में भी जवाबदेही सुनिश्चित करेगा।

'नहीं भरेंगे फार्म, रिव्यू पिटिशन की सुनवाई तक इंतेजार', बर्खास्त शिक्षकों का ऐलान

आज आंदोलनकारी शिक्षक राज्य भर में निकालेंगे 'धिक्कार रैली'

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती के लिए नई अधिसूचना जारी किए जाने के बाद भी 'योग्य' बर्खास्त शिक्षक तत्काल फॉर्म भरने के पक्ष में नहीं हैं। इन शिक्षकों का कहना है कि वे तब तक किसी भी नई प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे जब तक कि उच्चतम न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई नहीं हो जाती। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए बंगाल सरकार ने शिक्षक भर्ती के लिए नई अधिसूचना जारी की। लेकिन इससे असहमति जताते हुए पूर्व में परीक्षा पास कर चुके और

फिर बर्खास्त किए गए शिक्षक सड़कों पर उतर आए। पुलिस कार्रवाई के खिलाफ विरोध जताते हुए इन बर्खास्त शिक्षकों ने रविवार को पूरे राज्य में 'धिक्कार रैली' निकालने का ऐलान किया है। आंदोलनकारी शिक्षकों का कहना है कि उन्हें पहले ही एक बार परीक्षा में सफल मानते हुए नौकरी दी गई थी, ऐसे में उन्हें दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर करना अन्यायपूर्ण है। बर्खास्त शिक्षकों की स्पष्ट मांग है कि उन्हें नए सिरे से परीक्षा देने के बजाय उनके पिछले परिणामों और योग्यता के आधार पर सम्मानपूर्वक नौकरी में पुनर्नियुक्त किया जाए। जब तक सुप्रीम कोर्ट में दायर रिव्यू पिटिशन पर कोई फैसला नहीं आता, वे किसी नई प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे। फिलहाल, सभी की नजर सुप्रीम कोर्ट में लंबित पुनर्विचार याचिका पर टिकी है, जिसका फैसला इस पूरे विवाद का रुख तय कर सकता है।

प्रवासी डाक्टर के दस्तावेज चुराकर चार करोड़ हड़पने के आरोप में बीमा एजेंट गिरफ्तार

रवींद्र सरोवर थाने की पुलिस ने कसबा स्थित घर से किया गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : एक प्रवासी डाक्टर के विभिन्न दस्तावेज चुराकर उनका इस्तेमाल कर करीब चार करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में कोलकाता पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अर्नब बनर्जी है। वह पेशे से जीवन बीमा एजेंट है। रवींद्र सरोवर थाने की पुलिस ने गुरुवार को उसे कसबा थाना क्षेत्र स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। शुक्रवार को अदालत में पेश करने पर न्यायाधीश ने उसे पांच जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित डाक्टर का घर रवींद्र सरोवर थाना क्षेत्र में है। आरोपित उनका परिचित है। आरोपित

डाक्टरों के लिए जीवन बीमा से लेकर कई तरह के वित्तीय सहयोग का काम करता था। डाक्टर ने पुलिस में शिकायत की थी कि अर्नब उनके कई वित्तीय मामलों को देखता था। इसका फायदा उठाकर एजेंट ने उनके कई दस्तावेज और जानकारियां हड़प लीं और करीब चार करोड़ रुपये हड़प लिए। जांच के दौरान पुलिस ने कई दस्तावेज एकत्र कर उसकी जांच की। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक सबूत मिलने के बाद ही आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि उसने इस पैसे का कहां इस्तेमाल किया है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

क्या है नकली जाति प्रमाणपत्र? एसएससी भर्ती में दस्तावेज सत्यापन को लेकर सख्त हुआ आयोग

कोलकाता : नवम-दशम और एकादश-द्वादश कक्षा के शिक्षक भर्ती की अधिसूचना जारी होते ही पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) ने अतिरिक्त सतर्कता के साथ प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार दस्तावेज़ सत्यापन को लेकर एसएससी बेहद गंभीर रुख अपनाने जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, दस्तावेज़ों की जांच तीन चरणों में की जाएगी। पहला चरण आवेदन के समय ऑनलाइन दस्तावेज़ों की जांच का होगा, दूसरा चरण इंटरव्यू के दौरान और तीसरा व अंतिम चरण काउंसलिंग के समय दस्तावेज़ सत्यापन का होगा।

एसएससी अधिकारियों का कहना है कि किसी भी फर्जी दस्तावेज़-खासतौर पर नकली जाति प्रमाणपत्र-के जरिए कोई उम्मीदवार नियुक्त न हो जाए, इसके लिए हर स्तर पर कड़ी जांच की जाएगी। कोई भी जानकारी या त्रुटि अधिकारियों की नजर से ना छूटे, इसके लिए तीन स्तरों पर जांच को अनिवार्य किया गया है।

तीनों चरणों में दस्तावेज़ सही पाए जाने के बाद ही उम्मीदवार को अंतिम मंजूरी (सिलमोहरी) दी जाएगी।

एसएससी का पारदर्शिता के लिए बड़ा कदम - सिफारिश पत्र मिलते ही 1 घंटे में वेबसाइट पर अपलोड

कोलकाता : शुक्रवार को शिक्षक भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करने के साथ ही एसएससी ने एक और बड़ा फैसला लिया है। अब जो भी उम्मीदवार जिस स्कूल में नियुक्त होंगे, उनका विवरण सिफारिश पत्र जारी होने के एक घंटे के अंदर एसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और संभावित भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उठाया गया है। उम्मीदवार को उनकी मेरिट लिस्ट या रैंक के अनुसार किस जिले के किस स्कूल में नियुक्ति मिली है, यह पूरी प्रक्रिया अब सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहेगी।

एसएससी की इस नई पहल से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और भरोसा दोनों ही बढ़ने की उम्मीद है।

शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के बीच शिक्षा विभाग की बड़ी घोषणा : 193 शिक्षकों के तबादले की सिफारिश

कोलकाता : शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया की हलचल के बीच राज्य शिक्षा विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। लंबे समय से स्थगित 'सरप्लस ट्रांसफर' प्रक्रिया को फिर से शुरू करने की घोषणा की गई है। इसके तहत 193 शिक्षक-शिक्षिकाओं के तबादले की सिफारिश स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) को भेज दी गई है।

सूत्रों के अनुसार, इस बार तबादले केवल जिले के अंदर ही किए जाएंगे, यानी अंतर-जिला तबादले नहीं होंगे। वर्ष 2023 में सरकार ने 600 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को 'सरप्लस' घोषित कर उनके तबादले की योजना बनाई थी। लेकिन उन

तबादलों में एक जिले से दूसरे जिले या दूर-दराज़ के इलाकों में नियुक्ति होने के कारण मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था।

हालांकि, दिसंबर 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और 'सरप्लस ट्रांसफर' की वैधता को स्वीकार किया। इसके बावजूद, शिक्षक संगठनों ने मांग की कि तबादले केवल स्थानीय स्तर पर ही किए जाएं, ताकि शिक्षकों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े।

सरकार ने इस मांग पर ध्यान देते हुए पिछली तबादला योजना को रद्द कर दिया था। अब नए सिरे से शिक्षा विभाग ने 193 शिक्षकों के जिले के भीतर ही तबादले को मंजूरी दी है और इसकी सिफारिश एसएससी को भेज दी है।

इस फैसले से उम्मीद की जा रही है कि एक ओर जहां स्कूलों में शिक्षक संकट दूर होगा, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों को भी अपने स्थानांतरण को लेकर राहत मिलेगी।

आज पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच और जायसवाल संरक्षक संघ का एकता यात्रा 'शक्ति' का आयोजन

कोलकाता, समाज्ञा : आज पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच मानिकतला इकाई और जायसवाल संरक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में पेड़ लगाओ अभियान का पहला चरण एकता यात्रा 'शक्ति' का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, समाज में एकता का संदेश पहुंचाना है। यह यात्रा संस्था के संयोजक 'श्री रामशरण जायसवाल बंधु जी' को समर्पित किया गया है। इस कार्यक्रम में समाज के विशिष्ट समाजसेवी, युवा मंच के सदस्य और शुभचिंतक भाग लेंगे। यात्रा दोपहर 4 बजे जायसवाल समाज भवन (बेचू चटर्जी स्ट्रीट) से चलकर साकेत भवन (चलता बगान) में समापन करेगी। यह कार्यक्रम न केवल समाज में एकता की भावना को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरणा प्रदान करेगा।

अलीपुरद्वार में हाथी का कहर, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

अलीपुरद्वार : उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में शुक्रवार की देर रात एक जंगली हाथी के हमले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में एक 36 दिन की नवजात बच्ची भी शामिल है। यह दर्दनाक घटना फालाकाटा ब्लॉक के कूंजनगर इलाके में घटी। स्थानीय लोगों ने शनिवार की सुबह वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। इस कारण फालाकाटा से कूंजनगर होते हुए नौ माइल की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की आवाजाही घंटों तक बाधित रही। जानकारी के अनुसार, घटना के समय पीड़ित परिवार के घर में बिजली नहीं थी। देर रात घर के बाहर किसी जोरदार आवाज के कारण 32 वर्षीय मनोज दास बाहर निकले, तभी हाथी ने उन्हें कुचल दिया। उनका शोर सुनकर उनकी मां माखन रानी दास (65) अपनी नवजात पोती मानसी को गोद में लेकर बाहर आईं, लेकिन घर के आंगन में ही पहले से मौजूद हाथी ने उन्हें भी कुचल डाला। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। शनिवार की सुबह होते ही लोग सड़कों पर उतर आए और वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस इलाके में लगभग हर रात हाथियों का आतंक बना रहता है, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं।

कोलकाता के छात्रों ने 2024-25 ओलंपियाड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोलकाता, समाज्ञा

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में कोलकाता के तीन छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रमिला मेमोरियल एडवांस्ड स्कूल के कक्षा 7 के छात्र स्वप्निल बागी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में प्रथम रैंक हासिल कर इंटरनेशनल गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। वहीं, कलकत्ता इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा अन्वेषा मोहंती ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में टॉप रैंक हासिल की। गोखले मेमोरियल गर्ल्स स्कूल की छात्रा कब्यश्री साहा ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त किया और इंटरनेशनल सिल्वर मेडल जीता।

इस वर्ष की ओलंपियाड परीक्षाओं में 72 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें कोलकाता से 1.28 लाख से अधिक छात्र सम्मिलित हुए। दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित पुरस्कार समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जे.के. माहेश्वरी मुख्य अतिथि रहे। इंटरनेशनल रैंक 1 के विजेताओं को 50,000 नकद, गोल्ड मेडल, जबकि रैंक 2 और 3 को क्रमशः 25,000 व 10,000 के साथ सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 222 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला और साथ ही शिक्षकों को भी सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

एसओएफ के संस्थापक निदेशक महाबीर सिंह ने बताया कि संस्था पिछले 27 वर्षों से छात्रों की वैश्विक स्तर पर प्रतिभा निखारने हेतु कार्य कर रही है। साथ ही, संस्था कई सामाजिक पहलों जैसे गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप स्कीम, डिफेंस सर्विसेज फैमिली स्कॉलरशिप और अकादमिक एक्सीलेंस स्कॉलरशिप के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित कर रही है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला व अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

बशीरहाट में लापता वृद्ध महिला की रहस्यमय मौत, जांच में जुटी पुलिस

कोलकाता, समाज्ञा : उत्तर 24 परगना के बशीरहाट महकमा के स्वरूपनगर इलाके में एक वृद्ध महिला की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृत महिला का नाम गौरी कुंडू (65) है। शुक्रवार शाम से लापता रहने वाली गौरी कुंडू का शव शनिवार की सुबह इलाके के ही एक तालाब में मिला। महिला घर पर अकेली रहती थीं और उनका ससुराल भी उसी क्षेत्र में है। स्थानीय लोगों ने तालाब के किनारे एक चप्पल और दवा की पत्तियां पड़ी हुई देखीं, जिससे संदेह हुआ। मृतका के दामाद गौतम दास ने घटनास्थल का फोटो लेकर परिवार को दिखाया, जिसके बाद परिवार ने भी इस मामले

में शंका जताई। महिला का घर भी खाली पाया गया। पुलिस को सूचना मिलने पर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हत्या की आशंका जता रही है और मामले की जांच में जुटी है। संपत्ति से जुड़े किसी विवाद की भी जांच की जा रही है।

अमेजन फैशन की 'वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल' शुरू, 4 लाख से ज्यादा स्टाइल्स पर 80% तक छूट

कोलकाता, समाज्ञा : अमेजन फैशन ने 30 मई से 4 जून तक 'वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल' के 16वें संस्करण की घोषणा की है। इस सेल में ग्राहक 4 लाख से अधिक स्टाइल्स में से चुनाव कर सकते हैं और कैरेटलेन, गैप, वाइल्डक्राफ्ट, हाईलैंडर जैसे टॉप ब्रांड्स पर 50-80% तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। बीबा, यूएसपीए, क्रॉक्स, पूमा, टाइटन और फॉसिल जैसे ब्रांड्स के लोकप्रिय उत्पाद भी आकर्षक दामों पर उपलब्ध होंगे। इस बार अमेजन ने 'प्रीमियम एडिट' और जेन जेड के लिए खास 'सर्व' कलेक्शन लॉन्च किया है। फैशन प्रेमी गैस, माइकल कोर्स, टॉमी हिलफिगर जैसे प्रीमियम ब्रांड्स से खरीदारी कर सकते हैं। कैरेटलेन के बेजोड़ आभूषण और गैप की नई क्लासिक ड्रेसेज खास आकर्षण हैं। अमेजन का वियर इट विद फीचर स्टाइल को आसान बनाता है। साथ ही, सीमित समय पर 60% छूट, सेम डे डिलीवरी और 10% अतिरिक्त कैशबैक जैसी डील्स भी उपलब्ध हैं। यह सेल वॉर्डरोब अपडेट करने का शानदार मौका है।

आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील ने पेश किए टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल स्टील उत्पाद

कोलकाता, समाज्ञा : विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने दो नए पेटेंटेड रंगीन इस्पात उत्पाद, ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल लॉन्च किए हैं। ये मेक इन इंडिया उत्पाद क्रमशः 15 और 25 वर्षों की वारंटी के साथ उपलब्ध हैं और तेजी से बढ़ते निर्माण एवं अवसंरचना क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं। कंपनी ने पहली बार भारतीय बाजार में यूरोपीय मानकों वाला अत्यधिक जंग प्रतिरोधी स्टील पेश किया है, जो आधुनिक हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन, राजमार्ग व तटीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है। ऑप्टिगल पिन्नाकल में पीयू/पीए कोटिंग्स हैं, जबकि प्राइम में एसडीएफ और पीवीडीएफ जैसे विकल्प दिए गए हैं। एएम/एनएस इंडिया के निदेशक रंजन धर ने कहा कि ये उत्पाद स्मार्टर स्टील्स, ब्राइटर फ्यूचर्स की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं और पर्यावरण-अनुकूल, रिसाइकल होने योग्य तथा टिकाऊ हैं। कंपनी निकट भविष्य में अपनी उत्पादन क्षमता 1 मिलियन टन तक बढ़ाने की योजना बना रही है।

लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशन्स ने दरवाजे का लॉक 'ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट' लॉन्च किया

कोलकाता : गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) की इकाई लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशन्स ने आज अपने ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ के लॉन्च की घोषणा की, जो भारतीय परिवारों के लिए उच्च सुरक्षा वाले मुख्य दरवाज़े के लॉक को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह लॉक विशेष रूप से उन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार किया गया है जो पारंपरिक पैडलॉक या साधारण दरवाज़ा हार्डवेयर से अपग्रेड करना चाहते हैं। गोदरेज की विश्वसनीयता, मजबूती और नवाचार को अब एक कॉम्पैक्ट, स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली डिज़ाइन में प्रस्तुत किया गया है। ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ तीन वेरिएंट्स - 1सीके लैचबोल्ट, 1सीके डेडबोल्ट, और 2सी डेडबोल्ट के साथ ही दो आकर्षक फिनिश में टेक्सचर्ड ब्लैक, और टेक्सचर्ड ब्राउन में उपलब्ध है। ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ कार्यक्षमता और डिज़ाइन का ऐसा संयोजन है जो भारतीय घरों की बढ़ती सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करती है। लॉन्च के अवसर पर गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) के बिजनेस हेड श्याम मोटवानी ने कहा, हमारा मानना है कि सुरक्षा किसी खास वर्ग का अधिकार नहीं, बल्कि हर परिवार का मूलभूत अधिकार होना चाहिए। एक सुविधा नहीं, बल्कि एक मानक होनी चाहिए।

जून में टूटेगा अरियादह के 'आतंक' जयंत सिंह का आलीशान बंगला, कमरहट्टी नगरपालिका ने टेंडर जारी किया

बाराकपुर : लंबे समय से चली आ रही देरी व विवाद के बाद आखिरकार कामारहाटी नगरपालिका ने अरियादह के 'त्रास' कहे जाने वाले जयंत सिंह के आलीशान बंगले को ढहाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार को नगरपालिका की बैठक में इस संबंध में आदेश पास कर दिया गया। बंगले को गिराने के लिए ऑनलाइन और अखबारों में निविदा (टेंडर) जारी कर दी गई है।

सूत्रों के अनुसार, जयंत सिंह के सफेद रंग के भव्य भवन पर पहले ही नोटिस चिपका दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि 13 जून से बंगला

तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसमें यह भी कहा गया है कि घर में रह रहे लोगों और वहाँ मौजूद सभी फर्नीचर या सामान को 8 जून तक हटा लिया जाए।

कामारहाटी नगरपालिका ने बताया है कि 9 जून तक टेंडर स्वीकार किए जाएंगे और 11 जून को टेंडर खोला जाएगा। इसके बाद 13 जून से विधिवत ढहाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

नगरपालिका के चेयरमैन गोपाल साहा ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई कोलकाता हाई कोर्ट के निर्देश के तहत की जा रही है और तय समयसीमा में इसे पूरा किया जाएगा। बंगला गिराने के बाद उसके मलबे को नगरपालिका के डंपिंग ग्राउंड में फेंकने की योजना है।

जयंत सिंह के घर पर नोटिस लगाने के साथ-साथ बंगला गिराने के लिए बंगाली, हिंदी, अंग्रेजी भाषाओं में और ऑनलाइन माध्यम से भी टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इस कार्रवाई को लेकर पूरे इलाके में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

मैत्री का मिशन: पीरियड वेलनेस में नवाचार, अमेज़न के साथ बढ़ता असर

कोलकाता : मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे के मौके पर अमेज़न ने उन स्टार्टअप्स को सम्मानित किया है जो हेल्थकेयर इनोवेशन में क्रांति ला रहे हैं। इनमें प्रमुख नाम है मैत्री, जिसकी स्थापना इंजीनियरिंग ग्रैजुएट्स रोनी मंडल और रोहन रॉय ने 2016 में की थी। पीरियड दर्द को लेकर कॉलेज में देखी गई पीड़ा ने उन्हें इस विषय पर नवाचार के लिए प्रेरित किया। 2023 में अमेज़न पर लॉन्च कर, मैत्री ने टियर 2 और 3 शहरों की महिलाओं तक पहुंच बनाई। अमेज़न लॉन्चपैड और सहेली प्रोग्राम्स से मिले सहयोग ने ब्रांड को मल्टीचैनल एक्सेस, लॉजिस्टिक्स और विश्वसनीयता दी। मैत्री सिर्फ उत्पाद नहीं बनाता, बल्कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ को लेकर टैबू तोड़ने के लिए शिक्षा अभियानों, एनजीओ सहयोग और कप वितरण कार्यक्रमों से भी जुड़ा है। यह ब्रांड इंटिमेट और होलिस्टिक वेलनेस की ओर विस्तार कर रहा है, लेकिन अपनी मूल भावना-सहानुभूति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समावेशिता-पर अडिग है।

सुधीर मेमोरियल इंस्टिट्यूट के छात्रों का कक्षा 12वीं में शानदार प्रदर्शन

हावड़ा : सुधीर मेमोरियल इंस्टिट्यूट ने सत्र 2024-25 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की है। इस वर्ष का सर्वोच्च अंक 98% रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की गुणवत्ता का प्रमाण है। परिणामों के अनुसार, 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10, 80% से अधिक अंक लाने वाले 36, 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 82, और 60% से ऊपर प्रदर्शन करने वाले 143 छात्र रहे।

विषयवार परिणामों में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अंग्रेज़ी में सर्वोच्च अंक 98 रहे, जिसमें 51 छात्रों ने 90% से अधिक और 125 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। गणित में सर्वाधिक 99 अंक आए, जिसमें 9 छात्रों ने 90% से अधिक और 17 छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। अर्थशास्त्र में भी 99 अंक प्राप्त हुए, जहाँ 5 छात्रों ने 90% से अधिक और 14 छात्रों ने 80% से अधिक अंक पाए।

रसायन विज्ञान में सर्वाधिक अंक 98, 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 4 छात्र और 80% से ऊपर 14 छात्र रहे। कंप्यूटर साइंस में उच्चतम अंक 94, 90% से अधिक 8 और 80% से अधिक 19 छात्र थे। बिजनेस स्टडीज में 95 अंक के साथ सर्वाधिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें 90% से अधिक 5, और 80% से अधिक 14 छात्र रहे। जीवविज्ञान में 96 अधिकतम अंक आए, जिसमें 8 छात्रों ने 90% से ऊपर और 18 छात्रों ने 80% से ऊपर प्रदर्शन किया।

अकाउंटेंसी में सर्वाधिक 98 अंक, 90% से ऊपर 5, और 80% से ऊपर 17 छात्र रहे। राजनीति विज्ञान में 97 अंक, 90% से ऊपर 3, और 80% से ऊपर 6 छात्र रहे। भौतिकी में अधिकतम 94 अंक, 90% से ऊपर 4, और 80% से ऊपर 8 छात्र रहे। शारीरिक शिक्षा में 98 अंक के साथ सर्वाधिक प्रदर्शन दर्ज किया गया, जिसमें 7 छात्रों ने 90% से अधिक और 38 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। समाजशास्त्र में 98 अधिकतम अंक आए, जिसमें 6 छात्रों ने 90% से अधिक और 7 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए।

कोट्टी ने आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान का किया आयोजन

कोलकाता, समाज्ञा : चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा आगजनी की घटनाओं को नियंत्रित करने एवं इससे बचाव के उपायों को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान की शुरुआत शनिवार कोट्टी सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से हुई, जिसमें स्थानीय विधायक विवेक गुप्ता, वार्ड 42 के पार्षद महेश शर्मा एवं वार्ड 23 के पार्षद विजय ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोट्टी के अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए सबसे जरूरी है समय रहते सुरक्षा उपाय अपनाना। उन्होंने कहा कि यदि हम कुछ बुनियादी बातों का ध्यान रखें, जैसे बिजली के तारों का समुचित नियोजन एवं नियमित निरीक्षण, तो इस प्रकार की घटनाओं की संख्या को सीमित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में इस विषय पर कुछ

सुझाव सभी सदस्यों को भेजे गए थे, जिन्हें अमल में लाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में ट्रेड कोऑर्डिनेशन कमेटी के जॉइंट चेयरमैन अरुण भुवालका ने भी सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस विषय पर व्यापारियों का जागरूक होना समय की आवश्यकता है। विधायक विवेक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत नियंत्रण पाने के लिए व्यापारियों को सतर्क रहना चाहिए और कम से कम हर दुकान में एक अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंगुइशर) अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यापारी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। पार्षद विजय ओझा एवं महेश शर्मा ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वे कोट्टी के सदस्यों की हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

इस कार्यक्रम में ट्रेड कोऑर्डिनेशन कमेटी के जॉइंट चेयरमैन मुरारी लाल खेतान, अरुण भुवालका, को चेयरमैन ओम प्रकाश पोद्दार, चेंबर के मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा तथा कोट्टी की कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न एफिलिएटिड संगठनों जैसे पारख कोठी, सदासुख कटरा, पंजाबी कटरा, सेंट्रल कलकत्ता मर्चेंट एसोसिएशन, गीता कटरा, प्रोग्रेसिव ट्रेडर्स एसोसिएशन, टेक्सटाइल एजेंट्स एसोसिएशन, कलकत्ता यार्न मर्चेंट एसोसिएशन, रानीकोठी ट्रेडर्स एंड वेल्फेयर एसोसिएशन, सिटी सेंटर ओनर्स एसोसिएशन आदि के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में चेंबर के मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने पूरे आयोजन की समीक्षा करते हुए उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, सदस्यों एवं संगठनों का आभार व्यक्त किया।

कोलकाता के एक फिटनेस ट्रेनिंग सेंटर सौमेन वर्कआउट ने तंबाकू विरोधी दिवस पर एस्प्लेनेड में तंबाकू के उपयोग के बुरे प्रभावों के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन किया।

जीएसटी अपील में देरी पर राहत की मांग, वित्त मंत्री को सौंपा गया पत्र

कोलकाता, समाज्ञा : कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्री एवं जीएसटी परिषद की अध्यक्ष निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर उन मामलों में अपील दायर करने की छूट देने की मांग की है, जहां अपील नियत समय पर नहीं हो सकी और अपीलीय प्राधिकारी ने उन्हें समयसीमा पार होने पर खारिज कर दिया। एसोसिएशन के मीडिया सेल के चेयरमैन अरविंद तिवारी बाबा ने पत्र में बताया कि 2017-18 से 2021-22 के बीच कई करदाताओं को केवल जीएसटी पोर्टल पर नोटिस भेजे गए, जबकि उन्हें न तो ई-मेल पर और न ही भौतिक रूप से सूचित किया गया। इससे अनभिज्ञ करदाता समय पर अपील नहीं कर पाए और अधिकारियों ने एकतरफा आदेश पारित कर दिए। जब करदाताओं को वसूली के लिए कॉल व ईमेल आए, तब उन्होंने अपील दाखिल की, पर 30 दिन से अधिक देरी पर अपीलें खारिज हो गईं क्योंकि सीजीएसटी अधिनियम की धारा 107 व 108 इस स्थिति पर स्पष्ट नहीं है। ऐसे में, एसोसिएशन ने अधिनियम की धारा 148 के तहत विशेष छूट देने का अनुरोध किया है। साथ ही, अपीलीय आदेशों को अंतिम मानने और जब तक अपील लंबित हो, तब तक वसूली न करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। पत्र में यह भी कहा गया है कि धारा 108 के तहत पुनरीक्षण प्राधिकारी को सीमित शक्तियां प्राप्त हैं, जिन्हें बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में गंगा में गिरा था युवक, दो दिन बाद बरामद हुआ सड़ा-गला शव

मुर्शिदाबाद : ईद पर घर लौटते वक्त गंगा नदी के किनारे तस्वीर खींचने के दौरान एक युवक की जान चली गई। यह दर्दनाक हादसा गुरुवार को मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का में हुआ था। शनिवार को उसका सड़ा गला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान मालदा जिले के मथुरापुर पाठानपाड़ा निवासी शेख शफीकुल (27) के रूप में हुई है, जो मुम्बई में प्रवासी श्रमिक के रूप में कार्य करता था। पता चला है कि शफीकुल गुरुवार को कुर्बानी ईद के मौके पर 'कर्मभूमि एक्सप्रेस' से अपने घर लौट रहा था। उसके साथ उसके पिसी (फुफेरी बहन) का बेटा रमजान खान और तीन अन्य परिचित भी मौजूद थे। जब ट्रेन फरक्का स्टेशन

पार करने के बाद सिग्नल के इंतजार में फरक्का बैराज के ऊपर रुकी, तो शफीकुल डिब्बे से उतरकर गंगा नदी के दृश्य की तस्वीर लेने चला गया। इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी। शफीकुल तेज़ी से डिब्बे में चढ़ने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसका संतुलन बिगड़ गया और सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद वह गंगा में गिर पड़ा। उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। घटना की जानकारी मिलते ही न्यू फरक्का जंक्शन स्टेशन की आरपीएफ और जीआरपी की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और तलाशी अभियान चलाया, लेकिन गुरुवार को उसका शव नहीं मिल सका। शनिवार की सुबह फरक्का बैराज के 28 नंबर स्लुइस गेट के पास एक सड़ा-गला शव पानी में तैरता हुआ मिला। सूचना मिलते ही फरक्का थाने की पुलिस वहां पहुंची और शव को बरामद कर जंगीपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव का पोस्टमॉर्टम कराए जाने की प्रक्रिया जारी है।

गैर जमानती मामले में पुलिस के समन के बाद भी हाजिर नहीं हुए अनुब्रत मंडल

पुलिस ने भेजा दूसरा नोटिस, रविवार को एसडीपीओ कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश

बीरभूम : तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ व विवादित नेता अनुब्रत मंडल एक बार फिर कानूनी संकट में घिरते नजर आ रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी की पत्नी और मां को दुष्कर्म की धमकी देने के मामले में उनके खिलाफ गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में बोलपुर एसडीपीओ कार्यालय से उन्हें समन भेजा गया था और शनिवार की सुबह थाने में पेश होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, डेडलाइन गुजर जाने के बाद भी अनुब्रत मंडल खुद पेश नहीं हुए। उनकी ओर से पांच वकीलों की एक टीम बोलपुर एसडीपीओ कार्यालय पहुंची। वकीलों ने हालांकि इस मामले पर सीधे कुछ कहने से इनकार किया। एक वकील ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम किसी अन्य विषय पर मिलने आए थे। एक अन्य वकील ने इस मुलाकात को महज शिष्टाचार भेंट बताया। सूत्रों के मुताबिक, मंडल अब इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए सिउड़ी महकमा अदालत या कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। दूसरी तरफ, तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुब्रत मंडल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बोलपुर के एसडीपीओ कार्यालय में शनिवार की सुबह 11 बजे तक हाजिर होने के पुलिस के आदेश के बावजूद अनुब्रत वहां नहीं पहुंचे। इसके बाद, पुलिस ने उन्हें दूसरा नोटिस जारी करते हुए कहा है कि अब उन्हें रविवार की सुबह 11 बजे तक स्वयं उपस्थित होना होगा। बोलपुर थाने के प्रभारी लिटन हालदार को फोन पर अपशब्द कहने और धमकाने के आरोप में अनुब्रत मंडल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को उनके वकीलों ने जानकारी दी कि अनुब्रत शारीरिक रूप से अस्वस्थ हैं और हाजिरी से फिलहाल असमर्थ हैं। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें रविवार के लिए दूसरा समन भेजा है।

नेताजी नगर में सड़ी-गली हालत में मिला व्यक्ति का शव, सनसनी फैल गई

कोलकाता : नेताजी नगर थाना क्षेत्र में दोपहर करीब 12:35 बजे एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दिलीप मिश्रा (उम्र 44 वर्ष) के रूप में हुई है, जो 7/20, दुर्गा प्रसन्ना परमहंस रोड में स्थित एक दोमंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर के कमरे में रहते थे। सूत्रों के अनुसार, दिलीप मिश्रा का शव उनके कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ मिला और वह पूरी तरह से सड़ चुका था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी मृत्यु कई दिन पहले हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर नेताजी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बाघाजतिन स्टेट जनरल हॉस्पिटल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच जारी है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृत्यु के असली कारणों का पता लगाया जाएगा। इस घटना ने स्थानीय निवासियों को झकझोर कर रख दिया है। पड़ोसियों के अनुसार, दिलीप मिश्रा अकेले रहते थे और हाल के दिनों में उन्हें किसी ने नहीं देखा था।

अवनी मॉल के पास सड़क हादसा: मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

कोलकाता : दोपहर करीब 12:30 बजे अवनी मॉल के पास दूसरी हुगली ब्रिज (सिटी की ओर) पर एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक घायल हो गया। हादसे में घायल युवक की पहचान अर्जुन कुमार महतो के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अर्जुन महतो हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चला रहे थे, जब एक हल्के मालवाहक वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद अर्जुन महतो को सीएमआरआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्हें कमर में चोट आई है।

शाह की रैली में नहीं मिला न्योता, दिलीप घोष को ने दी सफाई

कोलकाता, समाज्ञा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अलीपुरदुआर रैली में आमंत्रण नहीं मिलने के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कोलकाता रैली में भी दिलीप घोष को नहीं बुलाया गया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष होने के बावजूद दिलीप घोष को आमंत्रण न मिलने को लेकर भाजपा के भीतर चर्चा तेज है। शनिवार की सुबह दिलीप घोष ने खुद स्वीकार किया कि उन्हें कोई निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मैं किसी पद पर नहीं हूं। नेताजी इंडोर स्टेडियम में अलग-अलग स्तर के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। इसलिए शायद मुझे नहीं बुलाया गया। हालांकि, घोष भाजपा की राज्य कोर कमेटी के सदस्य हैं और राज्य कमेटी में भी उनका स्थान है, ऐसे में नियमों के अनुसार उन्हें बुलाया जाना चाहिए था। दूसरी ओर, भाजपा के कई राज्य स्तरीय नेता और साधारण सदस्य भी शाह की रैली में शामिल हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मंडल अध्यक्ष से लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों तक सभी को पार्टी दफ्तर से व्यक्तिगत रूप से बुलाया गया है। बावजूद इसके, दिलीप घोष को अब तक आमंत्रण नहीं मिला है।

महिला पुलिसकर्मियों को जबरन सिंदूर लगाने का आरोप, बीजेपी कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

हुगली : पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के चुंचुड़ा के पिपुलपांती मोड़ पर शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। आरोप है कि बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों को जबरन सिंदूर लगाया। इस घटना को लेकर इलाके में राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को चुंचुड़ा के पिपुलपांती पांचमाथा मोड़ पर हुई, जहां बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं ने विरोधस्वरूप रास्ता जाम किया था। जब पुलिस अवरोध हटाने पहुंची, तब कथित रूप से महिला पुलिसकर्मियों को बलपूर्वक सिंदूर लगाया गया।

इस घटना ने पुलिस प्रशासन को भी हैरान कर दिया है कि ड्यूटी पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों के साथ ऐसा व्यवहार कैसे संभव हुआ। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की थी और अब कार्रवाई करते हुए बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शनिवार को खबर मिली कि छह लोगों के घर पर नोटिस भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय बीजेपी नेता सुरेश साव ने उस विरोध कार्यक्रम का नेतृत्व किया था, इसलिए उन्हें भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। पुलिस अन्य बीजेपी कार्यकर्ताओं की भी तलाश कर रही है, लेकिन इस पूरे मामले पर पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

घटना के बाद से इलाके में राजनीतिक चर्चा और तनाव का माहौल बना हुआ है।

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से बिजनेस संवाद 2025 का आयोजन

कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन (अंतर्गत अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन) ने शनिवार को बिजनेस संवाद 2025 का आयोजन किया, जिसमें व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों को व्यापार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना और उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधनों से अवगत कराना था। इस सम्मेलन में प्रमुख वक्ता के रूप में बिजनेस बुल्स के सह-संस्थापक प्रकाश अग्रवाल उपस्थित रहे, जिन्होंने एसएमई और आईपीओ के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात, दर्शकों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित व्यापारियों ने अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से उत्तर प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त, सीए विष्णु बासिया ने एमएसएमई के महत्व और उसके लाभों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे छोटे और मझोले उद्योगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को सुदृढ़ बना सकते हैं।

सम्मेलन के सचिव **पंकज कुमार भालोटिया** ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर व्यापारियों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा, लोगों ने इस आयोजन की सराहना की है और आने वाले दिनों में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **शिव कुमार लोहिया** ने कहा कि सम्मेलन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अपने आप में एक अनोखा आयोजन है, जिससे व्यापारियों को लाभ मिलेगा।

इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में अध्यक्ष **नंद किशोर अग्रवाल** ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष था। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में हमें अत्यंत खुशी हो रही है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष अभिषेक शरद, ज्वाइंट सेक्रेटरी शैलेश जिंदल, बसंत गध्यान, सीए गणेश अग्रवाल, संजय जैन, मनीष बजाज, लक्ष्मण अग्रवाल, प्रदीप ढेडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आरामबाग में दर्दनाक सड़क हादसा: 1 की मौत, 5 घायल

अवरोध के बीच धक्का-मुक्की में 2 पुलिसकर्मी घायल

हुगली : जिले के आरामबाग महकमा के गोघाट थाना क्षेत्र के खाटुल इलाके में डंपर और ट्रैक्टर की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना को लेकर इलाके में भारी तनाव फैल गया। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने ट्रैफिक नियंत्रण की मांग को लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरामबाग-कोतुलपुर 2 नंबर राज्य मार्ग पर लंबे समय तक रास्ता जाम कर रखा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन पुलिस के आने से लोगों का गुस्सा और भड़क गया। उन्होंने पुलिस को घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जब पुलिस ने सड़क से अवरोध हटाने की कोशिश की, तो उत्तेजित लोगों के साथ उनकी झड़प हो गई।

सूत्रों के अनुसार, इस झड़प में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अंततः पुलिस बिगड़ती स्थति को नियंत्रित किया।

पुलिस के आश्वासन पर लोगों ने रास्ता खाली किया और आंदोलन समाप्त हुआ। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

बेहाला में सट्टा जुए के अड्डे पर छापा

कोलकाता : कोलकाता के बेहाला थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा जुए के अड्डे पर छापा मारा। यह छापेमारी 5, बीरेन रॉय रोड के पते पर की गई, जहां कुछ लोग अवैध रूप से सट्टा जुआ चला रहे थे। छापेमारी के दौरान दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया- सोमनाथ नायक (39 वर्ष), और उज्ज्वल चक्रवर्ती (56 वर्ष)। मौके से पुलिस ने सट्टा से जुड़ा सामान जब्त किया जिसमें सट्टा पैड्स, कैलकुलेटर, लेखन सामग्री और 30,250 नकद शामिल है। यह रकम 'बोर्ड मनी' के रूप में सट्टा खेल में इस्तेमाल हो रही थी। गिरफ्तार आरोपियों के साथ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और इस अवैध गतिविधि के पीछे जुड़े नेटवर्क की भी तलाश कर रही है।

हावड़ा मंडल ने पर्यावरण दिवस पर दिया प्लास्टिक मुक्त भविष्य का संदेश

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के तहत प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें थीम पर जागरूकता फैलायी गयी। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देशन में आजिमगंज, बंडेल, वर्दवान, रामपुरहाट, बामनगाछी और गुलमोहर रेल कॉलोनियों में चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें बच्चों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए गए। बंडेल स्टेशन पर विशेष प्रस्तुति ने यात्रियों का ध्यान आकर्षित किया और प्लास्टिक मुक्त जीवन का प्रभावशाली संदेश दिया। इसके साथ ही आजिमगंज में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें रेलवे अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर पौधारोपण किया। इन पहलों के माध्यम से हावड़ा मंडल ने पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका दर्शाई और प्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दोहराया।

सियालदह-लालगोला रूट पर उपनगरीय सेवा बेहतर बनाने के लिए ईएमयू/एमईएमयू का पुनर्गठन

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे ने सियालदह/कोलकाता - लालगोला खंड पर उपनगरीय यातायात को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल के तहत, 11 मेमू सेवाओं को ईएमयू सेवाओं में परिवर्तित किया गया है और 9 ईएमयू सेवाओं को दो भागों में विभाजित किया गया है। यह बदलाव 4 जून 2025 से प्रभावी होगा।

इस नए परिवर्तनों के अनुसार, 63133 राणाघाट - लालगोला मेमू को 31775 राणाघाट - लालगोला ईएमयू के रूप में पुनः नामित किया गया है, जो राणाघाट से सुबह 7:00 बजे प्रस्थान करेगा और 10:12 बजे लालगोला पहुंचेगा। 63104 लालगोला-सियालदह मेमू को 31872 लालगोला-कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31850 कृष्णानगर-सियालदह ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63102 लालगोला-कोलकाता मेमू को 31870 लालगोला-कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31882 कृष्णानगर-कोलकाता ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63101 कोलकाता-लालगोला मेमू को 31881 कोलकाता-कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31865 कृष्णानगर-लालगोला ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63177 सियालदह - लालगोला मेमू को 31847 सियालदह-कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31867 कृष्णानगर - लालगोला ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63176 लालगोला - सियालदह मेमू को 31868 लालगोला - कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31848 कृष्णानगर - सियालदह ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63103 सियालदह - लालगोला मेमू को 31849 सियालदह - कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31869 कृष्णानगर - लालगोला ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63108 लालगोला - सियालदह मेमू को 31866 लालगोला - कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31846 कृष्णानगर - सियालदह ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63107 सियालदह - लालगोला मेमू को 31845 सियालदह - कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31863 कृष्णानगर - लालगोला ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63106 लालगोला - सियालदह मेमू को 31874 लालगोला - कृष्णानगर ईएमयू और फिर 31852 कृष्णानगर - सियालदह ईएमयू के रूप में विभाजित किया गया है। 63111 सियालदह - राणाघाट मेमू को 31633 सियालदह - राणाघाट ईएमयू के रूप में पुनः नामित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, पूर्व रेलवे ने दो ईएमयू लोकल ट्रेनों के समय में संशोधन किया है। 31426 नैहाटी-सियालदह ईएमयू लोकल अब नैहाटी से 12:05 बजे प्रस्थान करेगा और सियालदह 13:10 बजे पहुंचेगा। वहीं, 31242 बैरकपुर-सियालदह ईएमयू लोकल अब बैरकपुर से 11:55 बजे प्रस्थान करेगा और सियालदह 12:37 बजे पहुंचेगा। यह पुनर्गठन यात्री सुविधा, समय की पाबंदी और बेहतर संचालन के लिए किया गया है।

हावड़ा स्टेशन पर सघन टिकट जांच अभियान में 1.77 लाख रुपये का राजस्व अर्जित

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा शनिवार को हावड़ा स्टेशन पर एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान सहायक वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अभियान के लिए 24 टिकट जांच कर्मचारियों की एक विशेष टीम तैनात की गई थी। अभियान के दौरान कुल 438 टिकटिंग अनियमितताओं के मामले पकड़े गए, जिनमें से 345 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए गए। मौके पर ही जुर्माना और शुल्क के रूप में कुल 1,77,225 की राशि वसूली गई। यह अभियान पूर्व रेलवे की राजस्व सुरक्षा और यात्रा अनुशासन को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हावड़ा मंडल ने सभी यात्रियों से वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की है।

असानसोल पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

असानसोल : मंगेर में चल रही अवैध हथियार फैक्ट्री से हथियार लेकर असानसोल आ रहा एक तस्कर शुक्रवार रात पुलिस की गिरफ्त में आ गया। बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने असानसोल के पलाशडीहा इलाके में मंगेर के निवासी फिरदौस उर्फ लड्डू को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार फिरदौस के पास से कुल 9 अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें चार सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, पांच सिंगल शॉट पाइप गन, दो 9 मिमी पिस्टल जिनके साथ दो मैगजीन, दो 7 मिमी पिस्टल जिनके साथ चार मैगजीन, छह अन्य पिस्टल मैगजीन (दो 9 मिमी और चार 7 मिमी कैलिबर के) शामिल हैं। इसके अलावा, उसके कब्जे से चार 9 मिमी और दस 7.65 मिमी के जीवित कारतूस भी मिले हैं। आरोपी के कब्जे से जब्त हथियार, मैगजीन और कारतूसों को पुलिस ने सीज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया ने लॉन्च किए दो नए उच्च गुणवत्ता वाले रंगीन इस्पात उत्पाद

कोलकाता : आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने दो नए पेटेंटेड प्रीमियम रंगीन इस्पात उत्पाद - ऑप्टिगलऍ प्राइम (15 साल वारंटी) और ऑप्टिगलऍ पिन्नाकल (25 साल वारंटी) - लॉन्च किए हैं। ये मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत पुणे स्थित आधुनिक संयंत्र में तैयार किए गए हैं और अत्याधुनिक जिंक-एल्युमिनियम-मैग्नीशियम तकनीक से लैस हैं। ये उत्पाद उच्च जंग प्रतिरोधी हैं और हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, गोदामों व समुद्रतटीय इमारतों के लिए उपयुक्त हैं। रंजन धर (निदेशक - सेल्स व मार्केटिंग, एएम/एनएस इंडिया) ने इसे भारत के निर्माण व अवसंरचना क्षेत्र को 'विकसित भारत' लक्ष्य की दिशा में सहयोगी बताया। कंपनी जल्द ही अपनी उत्पादन क्षमता 1 मिलियन टन तक बढ़ाने की योजना बना रही है।

सियालदह डिवीजन ने प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने 30 मई को बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। इस अभियान के तहत सियालदह डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर विक्रेताओं और रेलवे कर्मचारियों को विशेष रूप से दूध और डेयरी उत्पादों के प्लास्टिक पैकेजिंग बैग के आंशिक कटाव के महत्व के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त, डिवीजन ने अपनी स्वच्छता अभियानों को जारी रखते हुए एक स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल रेलवे परिवेश बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अभियान ने पूर्व रेलवे के कर्मचारियों, विक्रेताओं और यात्रियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाए गए।

मेट्रो रेलवे में दिव्यांगजनों की सुविधाओं की समीक्षा को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक

कोलकाता, समाज्ञा : सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण पर संसदीय स्थायी समिति की अध्ययन यात्रा के तहत शनिवार को कोलकाता में मेट्रो रेलवे, पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन पी.सी. मोहन ने की। बैठक में मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी, पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देउस्कर, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर लोकसभा और राज्यसभा के कई माननीय सांसदों ने भाग लिया, जिनमें विजयलक्ष्मी देवी, मुरारीलाल मीणा, भोजराज नाग, नारायण कोरगप्पा, ममता ठाकुर, निरंजन बिशी, भास्कर मुरलीधर भागरे, चिंतामणि महाराज, गोदम नागेश, गजेंद्र सिंह पटेल, राजकुमार रोत, अधिवक्ता प्रिया सरोज, अनुप प्रधान वाल्मीकि, सुमित्रा बाल्मिक, फूलो देवी नेताम, रामजी, मिताली बाग और रामेश्वर तेली प्रमुख रूप से शामिल रहे। संसदीय समिति ने इस दौरान सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत मेट्रो रेलवे द्वारा दिव्यांगजनों के लिए की गई पहलों की समीक्षा की और

आवश्यक सुधार के लिए सुझाव भी दिए। समिति के सदस्यों ने इस दिशा में मेट्रो द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया।

महाप्रबंधक श्री रेड्डी ने सांसदों को मेट्रो रेलवे में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और कहा कि सभी सुझावों को ध्यान में रखकर उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक की शुरुआत में समिति के सदस्यों का औपचारिक स्वागत और सम्मान भी किया गया। इस दौरान लोकसभा सचिवालय के अधिकारी और रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रमुख भी मौजूद रहे।

राजगढ़.. अलवर राजस्थान

हमारी अनजानी धरोहर 71



डॉ. एस. के. सैनी

अलवर से लगभग 38 किलोमीटर दूर अलवर जिले में ही राजगढ़ स्थित है।

राजगढ़ पुराना ऐतिहासिक नगर है जिसे अपना एक किला है इस किले का निर्माण राजा बाग सिंह ने करवाया था। इसी जगह ढूढाड राज्य से अलग अलवर राज्य की स्थापना हुई थी।

राजगढ़ कस्बे से एक चौराहे से पुलिस थाने की ओर एक दलवा रास्ता जाता है यही रास्ता आगे दुर्ग तक पहुंचता है यह दुर्ग अत्यंत प्राचीन पहाड़ी दुर्ग है इसी कारण इसको जितना संभव नहीं होता था दुर्ग पहुंचने से पहले ही राजा बाग सिंह की प्रतिमा दिखाई देती है किस काल में राजा भाग सिंह ने निर्माण किया यह ज्ञात नहीं है। राजा बाग सिंह गुर्जर प्रतिहार वंश के राजा थे।

स्टेशन से ट्रेन के द्वारा यात्रा करने के दौरान भी जब हम अलवर से जयपुर की ओर आते हैं तो हमारे भाई और राजगढ़ स्टेशन के बाहर ही यह दुर्ग स्टेशन खिड़की से दिखाई देता है

कच्छावा राजकुमार प्रताप सिंह ने जब अलवर को जयपुर से अलग राज्य के रूप में स्थापित किया तो सबसे पहले राजगढ़ में ही अपने राजधानी स्थापित की। उसके बाद राजकुमार विनय सिंह ने इस दुर्ग के चारों ओर पर कोटा खिंचवाया और चारों तरफ खाई का निर्माण किया। परिधि होने के कारण यह परिधि दुर्ग की श्रेणी में भी आता है

दुर्ग के अंदर आने को महल हैं और सबसे ऊंचा शीश महल है शीश महल में रंग-बिरंगे कांच लगे हुए हैं

महाराजा प्रताप सिंह ने अपने महल में अपने राज्य चित्रकार डालूराम से आने को चित्र बनवाए जिसमें बारहमासा, सवारी, वेणी गुंथन, रामलीला से संबंधित अनेकों दृश्य हैं।

इसके लिए आपको वहां से भी कम से कम किले के अंदर ही एक किलोमीटर तक चलना पड़ता है तब जाकर किले का मुख्य द्वार आता है यह किला वर्तमान में बंद पड़ा है किंतु कभी इसकी भव्यता अद्भुत थी दर्शनीय थी और महाराजा प्रताप सिंह के समय 1766 में इसके लिए का निर्माण जनता के सहयोग द्वारा जनता के द्वारा यहां मजदूरी करके और इस किले का निर्माण किया गया था। यह किला अपनी मजबूती में किसी भी मायने में किसी दूसरे के लिए से काम नहीं किंतु वर्तमान में रखरखाव की कमी के कारण यह खस्ताहाल हो रहा है यहीं पर थोड़ी दूरी पर रहस्य मयी सात मंजिला सात चौक, चबूतरे वाला भवन है। एक मंदिर भी है जिसमें हनुमान जी के प्रतिमा लगी हुई है बाकी प्रतिमाएं वहां पर नहीं है मंदिर का फर्श संगमरमर का बना हुआ है चलो दिल्ली से जयपुर की यात्रा करते हैं वह इस किले को आते जाते थे देखते हैं किंतु उनमें से कुछ ही होंगे जो यहां उतार करके इसके लिए तक घूमने के लिए जाते हो भ्रमण के लिए जाते हैं यह एक ऐसी अनजानी धरोहर है जो उपेक्षित पड़ी हुई है।

प्रेम बढ़ाता है साथ-साथ खाना

पंकज कुमार 'पंकज'

परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ मिल बैठकर भोजन करना न केवल आपसी सौहार्द बढ़ाता है बल्कि यह भोजन से प्राप्त होने वाले फायदों को भी बढ़ाता है, ऐसी विशेषज्ञों और डॉक्टरों की राय है। एक शोध के अनुसार यह परिवार के अंदर कलह की संभावनाओं को भी कम करता है और आजकल के इस भाग-दौड़ की जिंदगी में भी तनाव मुक्त जीवन सुलभ कराता है

एक साथ भोजन करने के लिए बैठना एक ऐसा मंच उपलब्ध कराता है जहां सभी सदस्य अपनी दिनभर की घटनाओं और उलझनों को एक दूसरे के साथ शेयर कर सकते हैं। आपसी वार्तालाप जहां कई समस्याओं का हल चुटकी में सुझा जाता है, वहीं एक दूसरे को समझने का एक बेहतर अवसर भी देता है। एक दूसरे की समस्याओं को समझना आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाता है।

बच्चे बहुत जिज्ञासु और अनुकरण करने वाले होते हैं इसलिए उन्हें भी साथ ही भोजन पर बिठाने की आदत डालनी चाहिए। यह उनके लिए प्रायोगिक पाठशाला होती है जहां वे अनुशासन और कर्तव्य सीख सकते हैं।

पर्याप्त समय दें- भोजन करने के लिए कम से कम आधे घंटे का वक्त निर्धारित करना चाहिए। इससे बच्चों को भी भोजन समाप्त करने का पर्याप्त अवसर मिल जाता है और बात करने का सिलसिला भी पूरा हो जाता है। अक्सर दिन में सभी को अपने-अपने समय से ऑफिस, स्कूल आदि जाने की जल्दबाजी होती है। ऐसे में दिन के समय इतना वक्त निकालना प्रायः संभव नहीं होता लेकिन रात के भोजन के समय इसका खास ख्याल रखकर क्षतिपूर्ति की जा सकती है।

रूकावटें दूर करें- टी. वी. के कोई मनपसंद धारावाहिक या ऑडियो का तेज गीत-संगीत आपसी बातचीत में बाधा उत्पन्न करते हैं। ध्यान दूसरी तरफ होने से जहां भूख कम हो जाती है वहीं साथ बैठकर भोजन करने का कोई मतलब भी नहीं रह जाता, इसलिए बेहतर है कि इस समय टी. वी. बंद कर दें।

खुशनुमा माहौल बनाएं- मन प्रसन्न रखना चाहिए। भोजन के वक्त हंसी-खुशी की बातों पर ध्यान केंद्रित कर माहौल खुशनुमा बनाया जा सकता है। डॉक्टरों का मानना है कि ऐसे माहौल में पाचन क्रिया सुचारू रूप से चलती है और पर्याप्त भोजन लिया भी जा सकता है।

कहने का मौका दें- परिवार के सभी सदस्यों को अपनी पूरी बात कहने का मौका दें। बच्चों की भी पूरी बातें सुनें। इससे मन के उद्गार निकलते हैं, मन हल्का होता है, संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न नहीं होती और न ही हीन भावना पनपने पाती है।

नए व्यंजन परोसें- नए व्यंजन भोजन की एकरसता को बढ़ाते हैं। बहुरंगी विविध व्यंजनों को पेश करने से भूख बढ़ती है और खाने का लुत्फ दोगुना हो जाता है।

सहभागिता बढ़ाएं- सभी को थोड़ा बहुत अवसर दें, भोजन की आवश्यक चीजों को इकट्ठा करने का। इससे न केवल भोजन में विविधता आती है बल्कि उत्तरदायित्व का भी बोध होता है। इससे भोजन के प्रति ज्यादा रूचि और उत्साह भी पैदा होता है।

यादगार बनाएं- विशेष रूप से डायनिंग टेबल और घर को सजा-संवार कर एवं खास व्यंजनों को भोजन में शामिल कर छुट्टी के दिन या विशेष अवसरों को यादगार बनाया जा सकता है। (उर्वशी)

खुशियों की बारिश

डॉ.मंजरी शुक्ला

कितनी बार कह चुकी हूँ कि अब मैं छाता नहीं दूंगी, काम करना है तो करो नहीं तो बिलकुल मत करो। मम्मी ने गुस्से से चिल्लाते हुए सीमा आंटी से कहा

पतली दुबली आंटी बारिश के पानी में भीगी हुई खड़ी थी और रह रहकर काँप रही थी।

मम्मी को दो दिन से बुखार था और उस हालत में भी उन्हें घर का सारा काम करना पड़ रहा था, इसलिए वह नाराज़ हो रही थीं।

मम्मी ने आंटी से पूछा-पहले तुम मुझे यह बताओ कि तुम छातों का करती क्या हो? मैंने तुम्हें पहले भी दो छाते दिए हैं, तुम उन्हें लेकर क्यों नहीं आती?

घर में सब काम में आ जाते हैं। आंटी ने धीरे से कहा

मम्मी अब तक पूरी तरह वकील बन चुकी थीं इसलिए बोली-जब तुम्हारे घर के सभी लोगो के लिए मैंने छाते दिए हैं तो वे तुम्हारा छाता क्यों लेते हैं?

मैंने कहा-मम्मी जाने दीजिये ना, अपने घर में तीन-तीन छाते फालतू पड़े हुए हैं, एक और सीमा आंटी को दे दीजिए।

नहीं, ये छाते खो देती है। मैं अब एक भी छाता नहीं दूंगी। मुझे समझ में नहीं आता है कि जो भी आता है मुझसे छाता लेकर जाता है। मेरे घर में काम करने से पहले क्या बरसात नहीं होती थी। मम्मी भुनभुनाते हुए बोली

हम बारिश में भीगते रहते थे क्योंकि कोई भी छाता नहीं देता था और हमारे पास कहाँ इतने पैसे बचते हैं कि हम छाता खरीदें। सिर पर कोई पन्नी रखकर बचा लेते हैं खुद को। कहते हुए सीमा आंटी रो पड़ी

मैंने कहा-मम्मी, वो ठंड से काँप रही हैं, बीमार पड़ जाएंगी।

मैंने सारा काम कर लिया है, तुम वापस घर जाओ। कहते हुए मम्मी ने खिड़की से बाहर झाँका

मैं जानता था कि मम्मी इस समय भी आंटी कि चिंता कर रही हैं कि कहीं बारिश ना हो रही हो। वैसे मम्मी आंटी का बहुत ध्यान रखती थी पर बुखार और कमजोरी में पूरे घर का काम करने के कारण बहुत थक गई हैं इसलिए गुस्सा हो रही हैं। सीमा आंटी ने मेरी तरफ़ आँसू भरी नज़रों से देखा और साड़ी के पल्लू से आँसू पोंछते हुए घर के बहार चली गईं।

मम्मी बोली-चल, जल्दी से दो छाते लेकर आ, मैं आज इसके घर जाकर सबसे पूछूँगी कि ये मेरे छाते रोज़ खो कैसे देते हैं।

मैंने कहा-आपको बुखार है, आप आराम करो।

मम्मी ने मेरी तरफ़ घूर कर देखा।

डर के मारे जैसे मेरे पँख लग गए और मैं झट से दो छाते ले आया।

मम्मी और मैं आंटी के पीछे चल दिए। थोड़ी दूर जाने पर वह एक कच्ची सड़क की ओर मुड़ गई।

मैंने धीरे से कहा-यहाँ तो घर दिखाई ही नहीं दे रहे हैं।

मम्मी ने चुप रहने का इशारा किया ओर जेम्स बांड की तरह सधे क़दमों से आंटी के पीछे चलने लगी।

अब झोपडपट्टियाँ दिखाई देने लगी थी। छोटे छोटे बच्चे बिना कपड़ों के ही मिट्टी में खेल रहे थे।

तभी आंटी एक झोपडी के अंदर चली गई।

मम्मी ओर मैं भी फुर्ती से उस झोपड़ी में चले गए।

एक छोटी सी झोपड़ी, जिसकी छत के नाम पर तिरपाल बिछा हुआ था। वो भी कई जगह से फटा हुआ था और उसमें से पानी चू रहा था। दो छोटे बच्चे सूखी रोटी पकड़े हुए बैठे थे। मैंने मम्मी को देखा, उनका चेहरा पीला पड़ गया था। तभी मुझे कूँ कूँ की आवाज़ सुनाई दी। मैंने और मम्मी ने एक साथ उस तरफ़ देखा, वहाँ पर काले रंग के चार नन्हे पिल्लै अपनी माँ से चिपटे हुए सो रहे थे। उनके ऊपर फटी हुई तिरपाल में दो छाते उलटे लटके हुए थे, जिनमें बारिश का पानी टपक कर भर रहा था। इस कारण कुत्ते बारिश से बचे हुए थे।

पता नहीं क्या हुआ पर मम्मी रोने लगी और आंटी का हाथ पकड़ते हुए बोली-मुझे माफ़ कर दो।

आंटी मुस्कुरा दी और उनकी मुस्कराहट के साथ ही कमरा जैसे रोशनी सी भर गया।

कुछ दिनों बाद ही मम्मी ने आंटी के यहाँ कवेलू डलवा कर छत बनवा दी और अब आंटी मुस्कुराते हुए रोज़ छाता लेकर काम पर आती है।

ऑफिस में भी रहें तरोताजा

शैली माथुर

आधुनिकता और मंहगाई के कारण आज घर में एक सदस्य की नौकरी से घर का खर्च नहीं चल पाता, इसलिए अधिकतर महिलाएं नौकरीपेशा हैं। नौकरीपेशा महिलाएं ऑफिस रूटीन से थककर चूर हो जाती हैं।

अधिकतर ऑफिसों में वातावरण बोझिल होता है। बोझिल वातावरण में काम करके व्यक्ति को ज्यादा थकावट हो जाती है और वे थकी टूटी हारी घर पहुँचती हैं और कोई भी काम न करने की स्थिति में होती हैं। अगर आप भी ऐसा महसूस करती हैं तो ऑफिस में तरोताज़ा रहने के लिए अपनाएं ये टिप्स और अपनी थकावट दूर भगाएं।

- जब आप ऑफिस पहुंचें तो सबसे पहले चप्पल या जूते उतार लें व ठंडे पानी से मुँह, हाथ धो लें। इससे सफर का प्रदूषण, धूल व मिट्टी साफ हो जाएंगी और आप फ्रेश महसूस करेंगे।
- यदि आप सुबह से एक ही तरह का काम कर रही हैं और बोर हो गई हैं तो पहले जो आसान व मजेदार काम लगता है उसे करिए ताकि मूड अच्छा बना रहे।
- टेबल को सुंदर व साफ सुथरा रखें। टेबल पर एक गुलदस्ता रखें और उसमें सुंदर से फूल लगाएं जिससे उन फूलों को देख कर आपको ताज़गी का एहसास हो।
- थोड़ी सी गप्पों से भी मन हल्का हो जाता है और माहौल भी अच्छा बना रहता है।
- यदि चुटकले पढ़ने का शौक़ है तो खुद भी पढ़िये और अपने सहकर्मियों को भी सुनाइए जिससे हंसी मज़ाक से ऑफिस का माहौल हल्का-फुल्का बना रहे।
- ऑफिस में यदि कोई लाइब्रेरी है तो वहां जाकर अपनी मनपसंद किताबें पढ़ें। यदि लाइब्रेरी नहीं भी हो तो कोई अच्छी किताब पढ़ कर बोरियत को दूर भगाएं।
- यदि किसी का बर्थडे या शादी की सालगिरह है तो पार्टी मांगने में झिझक महसूस न करें। इसी तरह की छोटी-छोटी पार्टियाँ अपनेपन का एहसास दिलाती हैं और ऑफिस के माहौल में भी बदलाव आता है।
- ज्यादा काम हो तो उसे खत्म करने के पश्चात् या बीच-बीच में आंखें बंद करके बैठ जाएं। इससे आंखों को आराम मिलेगा और शरीर तनाव रहित होगा।
- पूरे दिन कुर्सी पर न बैठे रहें। थोड़ी-थोड़ी देर बाद इधर उधर घूम लें।
- अपनी दराज़ में कुछ खाने पीने का सामान रखें।

आपके ऑफिस में यदि संगीत सुनने की इजाज़त हो तो हल्का हल्का संगीत सुनिए। संगीत थकान व बोरियत दूर करने का सर्वोत्तम उपाय है।

- दिन में एक बार अपने किसी अच्छे दोस्त से बातें करके भी बोरियत दूर की जा सकती है।
- अगर आप कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो बीच-बीच में आंखों को आराम दें और जब बोर हो रहीं हो तो कम्प्यूटर पर अपनी पसंद की स्कैन की हुई चीज़ें देखें ताकि बोरियत न हो। थोड़ी देर कोई गेम खेल कर भी मन बहलाया जा सकता है। (उर्वशी)

सुंदरता हेतु कुछ घरेलू टिप्स

नीतू गुप्ता

- हाथ खुरदरे होने पर ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर रगड़ें। खुरदरापन कम होकर हाथों की त्वचा कोमल बनेगी।
- दांतों को चमकदार बनाने के लिए नींबू और संतरों के छिलकों को धूप में सुखा कर पीस लें। उस चूर्ण को दांतों पर मलने से दांत चमक जायेंगे।
- झुर्रियों को दूर करने के लिए शहद में नींबू का रस मिलाकर झुर्रियों के स्थान पर लगायें। 15 मिनट बाद त्वचा को स्वच्छ जल से धो लें। लगातार प्रयोग करने पर झुर्रियां दूर हो जायेंगी।
- होंठों को और गालों को गुलाबी बनाये रखने के लिए केसर की चार पत्तियों को दूध में पीसकर गालों और होंठों पर लगायें।
- नींबू के रस में आंवले का चूर्ण मिलाकर बालों पर लगाने से बालों का झड़ना बंद होता है और नियमित प्रयोग से बाल काले तथा लम्बे होते हैं। बालों के झड़ने का मुख्य कारण अपर्याप्त पोषाहार होता है। अपने भोजन में उचित विटामिन, प्रोटीन और खनिज पदार्थों का सेवन करें।
- कील, मुंहासे होने पर नीम की पत्तियों का रस, पुदीने का रस, मुलतानी मिट्टी का पाउडर मिलाकर लेप तैयार करें। नियमित लेप करने से कील मुंहासे दूर हो जाते हैं।
- स्तनों की सुंदरता हेतु जैतून के तेल से नीचे से ऊपर गोलाई में मालिश करें। फिर उस पर गर्म पानी में भिगोकर कपड़ा रखें। उसके बाद बर्फ के पानी का कपड़ा भिगोकर रखें। लेप हेतु मुलतानी मिट्टी, शहद, अंडे के सफेद भाग को मिलाकर स्तनों पर उसका लेप करें। नियमित लेप करने से स्तन सुंदर व सुडौल लगते हैं।
- चेहरे पर पपीता और मिल्क पाऊडर अच्छी तरह फेंट कर लगायें। 15-20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खुश्क त्वचा के लिए चीकू, पपीते के गूदे को 1 चम्मच क्रीम में मिक्स कर के चेहरे, गर्दन, बाजू पर लगायें। कुछ समय बाद त्वचा ताजे.पानी से साफ करें। (उर्वशी)

रेसिपी कार्नर स्वास्थ्यवर्द्धक पेय

पूनम दिनकर

पुदीना शेक

सामग्रीः- ताजे पुदीने की एक गुच्छी, रसभरी डेढ़ कप, कम वसा वाला नेचुरल लाइव योगर्ट 2/3 कप, स्किम्ड दूध 2/3 कप, शहद एक छोटा चम्मच तथा चीनी 2 छोटा चम्मच।

विधिः- ताजे पुदीने की पत्तियों को धोकर अलग रख लें। अब रसभरी के साथ पुदीने की पत्ती को डालकर ब्लेंडर से ब्लेंड कर लें। योगर्ट, दूध, शहद तथा चीनी को अच्छी तरह मिलाकर ब्लेंड किये गये रसभरी तथा पुदीना के रस में मिला लें। गिलास में रखकर इस शीतल पेय को प्रस्तुत कीजिए।

लस्सी नाशपाती

सामग्रीः- एक नाशपाती, ब्लू बेरीज एक कप, कम वसीय दही 3/4 कप, ताजे नींबू का रस दो बड़े चम्मच।

विधिः- नाशपाती को धोकर छील लें और काट कर उसमें से बीजों को निकाल लें। नाशपाती का जूस निकालकर इसमें दही और नींबू का रस मिला दें। ब्लूबेरीज का जूस निकालकर इसमें मिला दें। चम्मच से मिलाकर गिलास में रखकर पेश करें। यह पेय शरीर की दुर्बलता को दूर करता है तथा ल्यूकोरिया जैसी स्त्रियों की घातक बीमारी में भी लाभप्रद है।

जूस गुलाब पंच

सामग्रीः- रोजहिप टी बैग एक, उबलता पानी 2/3 कप, रसभरी एक कप, शहद एक छोटा चम्मच, कार्बोनेटेड मिनरल वाटर 2/3 कप, गुलाब जल एक छोटा चम्मच, थोड़े से बर्फ के टुकड़े, सजाने के लिए कुछ गुलाब की पंखुड़ियां तथा चीनी एक छोटा चम्मच।

विधिः- एक हिट प्रूफ जग में टी बैग रखकर उसमें पानी डाल दें। पांच मिनट के बाद आंच पर से उतारकर ठंडा कर लें। रसभरी को धो कर छील कर ठंडी चाय में चम्मच से मिला लें। शहद, गुलाब जल, चीनी मिलाकर अच्छी तरह घोंट लें। गिलास में बर्फ के टुकड़ों को डालकर उसमें इस पेय को डाल दें। गिलास में ऊपर से गुलाब की पंखुड़ियों को डालकर पीने के लिये प्रस्तुत करें।

काली किशमिश का शर्बत

सामग्रीः- काली किशमिश डेढ़ कप, सेब 2 पीस, शहद एक छोटा चम्मच, दूध औटाया हुआ आधा कप, चीनी 2 छोटा चम्मच तथा बर्फ के छोटे-छोटे कुछ टुकड़े।

विधिः- काली किशमिश और सेब को अच्छी तरह धो लें। काली किशमिश को डन्ठल से अलग करके ब्लेंडर में डाल दें। सेबों के छिलके को छीलकर उन्हें भी ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड कर लें। इस जूस में शहद, ठंडा दूध, और चीनी मिला दीजिए। बर्फ के टुकड़ों को गिलास में डालकर उसमें जूस को रखकर पेश कीजिए।

शर्बते सलाद

सामग्रीः- सलाद पत्ता 6, एक खीरा, मूली मध्यम एक, पत्तों सहित सेलेरी स्टिक एक, छोटे प्याज तीन, टमाटर पके दो, चीनी 2 चम्मच।

विधिः- सभी धोने वाली सामग्रियों को अच्छी तरह धो लें। सभी को मोटा काटकर ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड कर जूस निकाल लें। इसमें चीनी डालकर गिलास में रखकर पेश कीजिए। यह पेय त्वचा के लिए लाभदायक होता है। इसको पीते रहने से रक्त शुद्ध होता है। यह पेय मूत्राल भी है।

जूस चुकन्दर

सामग्रीः- चुकन्दर एक कप, सेब दो छोटे, टमाटर पके दो, सेलेरी स्टिक दो, ताजी तुलसी 10 पत्ते, ताजी धनिया पत्ती एक छोटा गुच्छा, सेंधा नमक - दो चम्मच या स्वादानुसार।

विधिः- चुकन्दर, सेब तथा टमाटर को धोकर अच्छी तरह काटकर रख लें। सेब के बीजों को निकाल लें। इसके साथ सेलेरी स्टिक, तुलसी की पत्तियां तथा धनिया पत्ती को मिलाकर जूस निकाल लें। अब इसमें स्वादानुसार नमक मिलाकर गिलास में रखकर पेश कीजिए।

जूस खुबानी

सामग्रीः- आलूबुखारा मध्यम चार पीस, नाशपाती एक, बेरी एक कप, शहद एक छोटा चम्मच, संतरे दो बड़े, नींबू एक, काली मिर्च पाउडर एक छोटा चम्मच तथा नमक स्वादानुसार एवं बर्फ के कुछ टुकड़े। खुबानी 4 मध्यम आकार की।

विधिः- सबको धोकर छीलने वाले भाग को छील लें और अन्दर के बीजों को निकाल लें। ब्लेंडर में डालकर जूस निकाल लें। इसमें शहद, नींबू का रस, काली मिर्च पाउडर तथा नमक मिलाकर गिलास में बर्फ के साथ रखकर पेश कीजिए। (उर्वशी)

पहनें काया अनुरूप परिधान

रूबी

पहनने-ओढ़ने का शौक प्रायः सभी में देखा जाता है किन्तु पहनावे का चयन व पहनने का सलीका काफी हद तक उचित नहीं हो पाता। कई बार देखा जाता है कि चाहे महंगे से महंगा कपड़ा क्यों न पहना जाए, अगर वह सलीके से न पहना जाए तो आप अनाकर्षक तो लगेगी ही, साथ ही कपड़ों की शोभा भी चली जाएगी।

दूसरी ओर हम देखें कि अगर साधारण से सूती परिधान को कलफ आदि डाल कर सही सलीके से पहनें तो कपड़ों के साथ साथ आप स्वयं भी आकर्षक लगेंगी। तीसरी और सबसे अहम बात सामने आती है कि आपने परिधान सुन्दर और सलीके से पहन रखा है किंतु इसके पश्चात भी कोई कमी लग रही है।

अब यहां सवाल यह उठता है कि सभी की काया सही अनुपात में नहीं होती। पतले, मोटे, नाटे, लंबे चार श्रेणी में से आप किस श्रेणी में आती हैं? यह सच है कि आम सलीके से कोई भी परिधान पहनें तो अच्छा ही लगता है किन्तु इसके साथ ही आप कुछ टिप्स को ध्यान में रख कर अधिक आकर्षक लग सकती हैं। जरूरी है अपनी काया अनुरूप पहनावा। डिजाइन के साथ-साथ, रंग, मौसम आदि को भी ध्यान में रख कपड़ों को धारण किया जाए। यहां कुछ ऐसे टिप्स दिए गए हैं जिन्हें अपने परिधान का चयन करते समय ध्यान में रखें।

दुबले शरीर वालों के लिएः-

यह जरूरी है कि आप औरों की देखा-देखी कसे हुए कपड़े न पहनें।

बड़े-बड़े फ्लोरल प्रिंट वाले कपड़े आप पर फबेंगे।

कलफ दिए हुए सूती या हैन्डलूम के कपड़ों से आपका शरीर भरा-भरा लगेगा।

शिफान आदि जैसे कपड़ों का चयन न ही किया जाए तो बेहतर है।

चेक्स या राउंड स्ट्राइप्स आपके दुबलेपन को छिपाने में सहायक सिद्ध होंगे।

कालर वाले परिधान की बजाए पफ वाले परिधान बनवाएं।

रंग-बिरंगे कपड़ों के चयन के साथ आप कंट्रास्ट वेशभूषा भी धारण कर सकती हैं। केवल सादे रंगों के परिधान से आप और भी पतली लगेंगी।

परिधान के साथ जब सैंडल पहनें तो प्लेटफार्म-शू के बजाए जालीदार डिजाइनों में सैंडलों का चयन करें। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

आभूषण के विषय में भी ध्यान रखें। साधारणतया हल्के गहने आपकी नजाकत को और बढ़ाएंगे। केवल पार्टी में जब कोई भारी परिधान पहनें तो थोड़े बहुत भारी गहने पहन सकती हैं।

मोटे लोगों के लिएः-

शिफान जैसे पतले फेब्रिक से बने परिधान का चयन आपको पतला दिखने में सहायक होगा।

प्रिन्टेड कपड़ों के बजाए गहरे सादे परिधान अच्छे लगेंगे। छोटे प्रिंट वाले सूट व साड़ी का चयन उचित है।

लम्बे धारी वाले कपड़ों के पहनावे से आप पतली व लम्बी दिख सकती हैं।

पार्टियों में जाते समय भी हल्के फैब्रिक की वेशभूषा के साथ-साथ आप भारी गहने जैसे गले में जड़ाऊ गलाबंद हार से दूर रहें तो अच्छा रहेगा।

सूट या ब्लाउज 'यू' व 'वी' आकार के ही सिलवाएं। पफ वाले ब्लाउज आपके कंधे और चौड़े होने का आभास करवाएंगे।

हल्के परिधान के साथ ऊंची एड़ी वाले सैंडल से लम्बे व पतले होने का अहसास होता है।

सूट व साड़ी के साथ पर्स आदि लेते समय भी ध्यान रहे कि यह अधिक भारीपन का आभास न करवाए।

नाटे लोगों के लिएः-

नाटे लोगों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने परिधान में विशेष ध्यान दें। लंबे स्ट्राइप्स के साथ-साथ सादे परिधान का चयन, केश सज्जा तथा ऊंची एड़ी वाले सैंडल लंबा दिखने में सहायक होंगे।

सामान्य कद व छरहरे कद के लिएः-

यह तो तय है कि आपके सामने समस्या नहीं है। स्लीवलेस से लेकर, 'यू', 'वी', चौकोर आदि किस्म से कटे हुए ब्लाउज व सूट पहन सकती हैं। कसे हुए कपड़ों से लेकर ढीले कपड़ों का चयन भी उचित है। (उर्वशी)

आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब गोली का जवाब गोले से देंगे: मोदी

भोपाल : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए ''छद्म युद्ध'' कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर यहां आयोजित 'महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन' में मोदी ने 'सिंदूर' को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे

सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।'' उन्होंने कहा, ''अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।'' इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए। मोदी ने कहा, ''भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है।'' सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। पहलगाम के हमले में, आतंकवादियों ने पुरुषों को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछने के बाद उन्हें मार डाला। मोदी ने कहा, ''पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है, उन्होंने हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है।''

दिल्ली सरकार के 100 दिन: मुख्यमंत्री गुप्ता ने नीतिगत प्रयासों, शासन में ईमानदारी पर प्रकाश

नयी दिल्ली : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को उनकी सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर पूर्ववर्ती आप सरकार पर आम नागरिकों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मौजूदा सरकार ईमानदार शासन, जन कल्याण और संरचनात्मक सुधारों पर आधारित है। गुप्ता ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया कि उनके प्रशासन ने ''झूठे वादे'' करने के बजाय नीति निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, ''मेरी सरकार ने 100 दिन दिल्ली की बेहतरी के लिए नीतियां बनाने और काम करने में बिताए हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम झूठे वादे नहीं कर सकते। हम यमुना की सफाई और कूड़े के ढेरों को हटाने जैसे मुद्दों को हल करने के लिए ईमानदारी से काम कर रहे हैं।'' गुप्ता ने निजी विद्यालयों की फीस को विनियमित करने के लिए अध्यादेश

लाने की अपनी योजना का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा, ''शिक्षा तक सभी की पहुंच होनी चाहिए। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि किसी भी माता-पिता पर अनुचित बोझ न पड़े।'' मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की वय वंदना योजना को सफल बताया, जिसके तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा कवरेज दी जाती है। उन्होंने कहा, ''करीब 1.5 लाख पंजीकरण पहले ही पूरे हो चुके हैं।'' भाजपा नेता ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा, ''हजारों लोग बदलाव की उम्मीद में आंदोलन में शामिल हुए लेकिन जो लोग सत्ता की भूख नहीं होने का दावा करते थे, वे इसी में डूब गए। जनता का भरोसा टूट गया।'' दिल्ली में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीट हासिल कीं, जिससे 'आप' के एक दशक के शासन का अंत हो गया।

न्यूज इन ब्रीफ

जम्मू: जंबू चिड़ियाघर में बाड़े में छोड़े गए शेर के शावक

जम्मू : जम्मू के जंबू चिड़ियाघर में पहली बार शेर के दो शावकों 'कुटकी' और 'भुनकी' को बाड़े में छोड़ दिया गया। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। तीन माह के ये दो शावक जनता के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। अधिकारी ने बताया कि एशियाई शेर के शावकों का जन्म पांच मार्च को हुआ था और तीन माह के इन शावकों को गुजरात से लाया गया था। यहां दो दिन पहले जंबू चिड़ियाघर की स्थापना की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें बाड़े में छोड़ दिया गया। उत्तर भारत के सबसे बड़े चिड़ियाघरों में से एक जंबू चिड़ियाघर यहां शिवालिक तलहटी में स्थित 163 हेक्टेयर में फैला हुआ है।

आर्थिक प्रगति के बगैर 'विकसित भारत' की बातें हवा-हवाई : प्रियंका

नयी दिल्ली : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर रही, जो कोरोना काल के बाद सबसे सुस्त है। उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि आर्थिक प्रगति के बगैर 'विकसित भारत' की बातें हवा-हवाई हैं। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रही। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है।'' उन्होंने दावा किया, ''भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है।'' कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है और नयी नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है और आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है।'' उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं।

इंडोनेशिया में खदान ढहने से मरने वालों की संख्या 14 हुई

सिरेबोन (इंडोनेशिया) : इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को एक खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 14 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी ने एक बयान में बताया कि शुक्रवार देर रात को तीन और शव बरामद किए गए तथा एक अन्य कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई।

एनआईए ने सरकारी कार्यालय पर हमले के आरोपी तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने केरल के वायनाड जिले में एक सरकारी कार्यालय पर हुए सशस्त्र हमले के सिलसिले में नक्सली संगठन के तीन सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने शुक्रवार को एर्णाकुलम में एनआईए अदालत में सीपी मोइदीन, मनोज पी. एम. और पी के सोमन के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने एक बयान में कहा कि उन पर भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान रोकथाम अधिनियम, केरल वन अधिनियम-1961 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि घातक हथियारों से लैस माओवादी संगठन के पांच सदस्य 28 सितंबर, 2023 को केरल वन विभाग निगम (केएफडीसी) के कार्यालय में जबरन घुस गए, प्रबंधक को रोका और सार्वजनिक संपत्ति के साथ-साथ उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाया। बयान के मुताबिक, उन्होंने कार्यालय में माओवाद के समर्थन में नारे लगाए और पोस्टर चिपकाए। पांच आरोपियों में से चार को बाद में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,395 हुई

नयी दिल्ली : भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कुल चार रोगियों की मौत हुई है। दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत में कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है, ज्यादातर मरीजों की घर पर ही देखभाल की जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। देश में 22 मई को रोगियों की संख्या 257 थी। 26 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों में कहा गया है कि केरल में 1,336, महाराष्ट्र में 467, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 लोग संक्रमित हैं। वहीं, ओडिशा में दो और लोगों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद राज्य में कुल मामलों की संख्या सात हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अश्वथी एस ने यह जानकारी दी। उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा स्वरूप में गंभीर लक्षण नहीं दिखते और ज्यादातर मामले हल्के हैं। साथ ही, केंद्र ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन सभी को बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है।

सरकार ने फिल्मों के प्रमाणन और प्रदर्शन के लिए आयु-आधारित श्रेणियां अधिसूचित कीं

नयी दिल्ली : केंद्र सरकार ने शनिवार को फिल्मों का प्रमाणन आयु-आधारित श्रेणियों के आधार पर करने की अधिसूचना जारी की, ताकि आयु-आधारित फिल्मों को देखने को बढ़ावा दिया जा सके, विशेष रूप से अभिभावक मार्गदर्शन समूह के लिए। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक राजपत्र अधिसूचना में दिसंबर 1991 में अधिसूचित नियमों में संशोधन किया, जिसमें सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को मंजूरी देने के सिद्धांत निर्धारित किए गए थे। नियम केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को फिल्मों की विषय-वस्तु की प्रकृति और प्रकार के अनुसार 'यू/ए7 प्लस', 'यू/ए 12 प्लस' और 'यू/ए 16प्लस' चिह्नों के साथ अनुमोदन के साथ अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को प्रमाणित करने की अनुमति देते हैं। अधिसूचना में कहा गया है, ''सात वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चे तथा सात वर्ष से कम आयु के बच्चों के माता-पिता के मार्गदर्शन के साथ उपयुक्त सामग्री को 'यू/ए 7 प्लस' रेटिंग के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा; तेरह वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चे तथा तेरह वर्ष से कम आयु के बच्चों के माता-पिता के मार्गदर्शन के साथ उपयुक्त सामग्री को 'यू/ए 13 प्लस' रेटिंग के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

बारिश का कहर : सिक्किम में 500 पर्यटक फंसे और आठ लापता

असम में आठ लोगों की मौत मेघालय में तीन की मौत

गंगटोक/ शिलांग : सिक्किम में लगातार बारिश और भूस्खलन से बाधित मुख्य सड़क की वजह से शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 500 पर्यटक फंस गए जबकि आठ लापता हैं। वहीं, मेघालय में शनिवार को भारी बारिश के कारण बिजली गिरने से दो लड़कियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों

ने बताया कि सिक्किम में भारी बारिश के कारण लापता आठ पर्यटकों की तलाश बाधित हुई और तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद अंततः इसे बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार की रात मंगन जिले में तीस्ता नदी में एक वाहन के गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो अन्य घायल हो गए जबकि आठ लापता हो गए। लाचेन-लाचुंग राजमार्ग पर मुन्सिथांग के पास यह वाहन 1,000 फुट से अधिक गहराई में नदी में गिर गया।

मणिपुर में बफर जोन कायम रखें, विधानसभा के साथ अलग केंद्र शासित प्रदेश गठित किया जाए: कुकी समूह

नयी दिल्ली : कुकी समूहों ने शनिवार को कहा कि विधानसभा के साथ अलग केंद्र शासित प्रदेश गठित किये जाने तक मणिपुर में बफर जोन को ''सुरक्षात्मक उपाय'' के रूप में बनाए रखा जाना चाहिए। कुकी-जो वुमन फोरम की सह-संयोजक चोंग हाओकिप ने यहां संवाददाता सम्मेलन में मणिपुर के कुकी बहुल इलाकों को अलग कर विधानसभा के साथ केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग दोहराई। हाओकिप ने कहा, ''यह किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है, यह कुकी लोगों की सुरक्षा और अस्तित्व के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय है।''उन्होंने कहा कि इस मांग को राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे सुरक्षा और शांति के लिए आवश्यक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। हाओकिप ने आरोप लगाया, ''कुकी-जो समुदाय के सदस्यों को इंफाल से खदेड़ दिया गया, जानवरों की तरह मारा गया। हमारे साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार किया गया। हमें हमारी पहचान के कारण मारा गया और सुरक्षा बलों ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया। सरकार हमें बचा सकती थी, लेकिन उसने कुछ नहीं किया।'' उन्होंने दावा किया, ''इंफाल में वर्षों से रह रहे लोग बेघर हो गए हैं। कुकी-जो लोगों की आस्था हिल गई है। पुलिस होने के बावजूद, हमारे लोगों की हत्या की जा रही है।''

ईरान ने परमाणु हथियार बनाने लायक संवर्धित यूरेनियम के भंडार में वृद्धि की :आईएईए

वियना : अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है। आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है। आईएईए की नयी रिपोर्ट पर ईरान की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

संयुक्त राष्ट्र ने वित्तीय संकट के कारण कर्मचारियों की संख्या में 20 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव मांगा

संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र ने वित्तीय संकट से निपटने के लिए अपने 60 से अधिक कार्यालयों, एजेंसियों और संचालन इकाइयों से कर्मचारियों की संख्या में 20 प्रतिशत कटौती के लिए जून मध्य तक प्रस्ताव मांगा है। संरा की जिन इकाइयों में कटौती की जानी हैं उनमें राजनीतिक और मानवतावादी कार्यालयों के साथ-साथ शरणार्थियों, लैंगिक समानता, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यावरण और शहरी विकास से जुड़ी एजेंसियां शामिल होंगी। फलस्तीनी शरणार्थियों की सहायता करने वाली एजेंसी 'यूएनआरडब्ल्युए' भी प्रभावित एजेंसियों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र नियंत्रक चंद्रमौली रामनाथन ने संबंधित एजेंसियों को भेजे ज्ञापन में कहा कि यह कटौती महासचिव एंतोनियो गुतरेस के 3.72 अरब डॉलर के मौजूदा बजट में 15 से 20 प्रतिशत की कमी लाने के लक्ष्य का हिस्सा है। यह 'यूएन80' सुधार योजना का हिस्सा है जिसे मार्च में शुरू किया गया था। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र अपनी स्थापना के 80 वर्ष पूरे कर रहा है। कटौती प्रस्ताव 13 जून तक पेश किए जाने हैं। गुतारेस ने इस कदम को अमेरिकी सहायता में कटौती से जोड़ने से इनकार किया है और कम से कम पिछले सात वर्षों में संयुक्त राष्ट्र के संसाधनों में कमी की ओर इशारा किया है क्योंकि सभी सदस्य देश अपने वार्षिक बकाया का भुगतान नहीं कर रहे हैं। वर्ष 2023 में 193 सदस्य देशों में से 152 ने भुगतान किया, लेकिन अमेरिका समेत 41 देशों के भुगतान बकाया है।

सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क को सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियों से अवगत कराया

कोपेनहेगन : सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को डेनमार्क के नेताओं को सीमा पार आतंकवाद के कारण भारत के समक्ष चुनौतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक मामलों में डेनमार्क की अहम आवाज को इस वैश्विक खतरे के खिलाफ लड़ाई में एक शक्तिशाली हथियार के रूप में रेखांकित किया। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के राजनयिक संपर्क के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क की राजधानी में है। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारतीय

दूतावास के मुताबिक, रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क के चयनित पूर्व सांसदों, पूर्व मंत्रियों और एक पूर्व राजनयिक से मुलाकात की। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद से भारत के लिए उत्पन्न चुनौतियों, ऑपरेशन सिंदूर और शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डालने वाले वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वैश्विक मामलों में डेनमार्क की महत्वपूर्ण आवाज (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक अस्थायी सदस्य और यूरोपीय संघ के आगामी अध्यक्ष के रूप में) को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक शक्तिशाली औजार के रूप में रेखांकित किया गया।

नाइजीरिया: बाढ़ से डूबा शहर, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 151

अबुजा : उत्तर-मध्य नाइजीरिया के एक कस्बे में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 151 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। स्थानीय आपात सेवाओं ने शनिवार को 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। यह कस्बा मुख्य रूप से व्यावसायिक गतिविधियों के लिए मशहूर है। नाइजर राज्य आपात एजेंसी के प्रवक्ता इब्राहिम औदु हुसैनी ने बताया कि अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश की राजधानी अबुजा से 300 किलोमीटर पश्चिम में नाइजर के मोक्का कस्बे में आई बाढ़ में 3,000 से अधिक लोग

विस्थापित हुए हैं। हुसैनी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह-सुबह हुई बारिश में तीन समुदायों के कम से कम 500 घर प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से पूरे कस्बे में पानी भर गया और घरों की छतें मुश्किल से दिखाई दे रही थीं तथा लोग कमर तक पानी में डूबे हुए थे।

यह गर्व की बात है कि महारानी अहिल्याबाई महाराष्ट्र की बेटी थीं : फडणवीस

चौंडी (महाराष्ट्र) : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि यह गर्व की बात है कि महान रानी अहिल्याबाई होल्कर महाराष्ट्र की बेटी थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार एक उदार शासक के रूप में उनके जीवन और योगदान से प्रेरित है और समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। फडणवीस 18वीं सदी की इंदौर की शासक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर अहिल्यानगर जिले में उनके जन्मस्थान चौंडी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। रानी को उनके असाधारण

शासन, सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता तथा संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति योगदान के लिए याद किया जाता है। फडणवीस ने कहा, ''अहिल्याबाई ने राष्ट्रवाद और आध्यात्मवाद का मिश्रण किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन 'देश' और 'धर्म' की रक्षा में लगा दिया। व्यक्तिगत क्षति के बावजूद, उन्होंने प्रजा को अपना परिवार माना और देश भर में मंदिरों और घाटों के जीर्णोद्धार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।'' उन्होंने कहा कि एक शासक के रूप में उनकी विचारधारा और विरासत 300 साल बाद भी शासन में बैठे लोगों के लिए प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने चौंडी में होने वाले कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा, ''लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें (अहिल्याबाई के)'जन्मस्थल' और 'कर्मस्थल' में से किसी एक को चुनना होगा, और उन्होंने पहले ही कर्मस्थल (मध्य प्रदेश) चुन लिया है।'' आहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर मोदी ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और मराठा रानी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके गुणों की प्रशंसा की। फडणवीस ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके काल पर एक बहुभाषी व्यावसायिक फिल्म बनाई जाएगी।

भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को व्यापार के जरिए रोकने का सबसे अधिक गर्व है: ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस ''सौदे'' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच ''संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार'' के माध्यम से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने पिछले कुछ हफ्तों में कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार के मामले पर कोई चर्चा ही नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को दरअसल खारिज किया है कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव के कारण संघर्ष रोकने पर

सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, ''मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।'' ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, ''आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।''

पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती

अहमदाबाद : अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा। पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटन्स को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा। आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। इसकी भरपाई करने के लिए पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली।

भारत के 56 वर्षीय पावरलिफ्टर ललित पटेल ने आईबीबीएफ विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते

अहमदाबाद : गुजरात के 56 वर्षीय पावरलिफ्टर ललित पटेल ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईबीबीएफ विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। मास्टर टू श्रेणी (83-93 किग्रा) में चुनौती पेश करने वाले पटेल ने 10 से 12 मई के बीच आयोजित प्रतियोगिता में 'बेंच प्रेस', 'डेडलिफ्ट' और 'स्क्वाट' स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। पटेल पिछले आठ महीनों से वैश्विक प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने पांच साल पहले ही पावरलिफ्टिंग शुरू की थी। शाकाहारी आहार लेने वाले पटेल ने कहा, 'उम्र और आहार सफलता के लिए कोई बाधा नहीं हैं।'' पटेल ने राज्य स्तर पर 18 और राष्ट्रीय स्तर पर 12 पदक जीते है। वह अब युवा खिलाड़ियों को कोचिंग देने के साथ 'बॉडीबिल्डिंग' प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं।

न्यूज अपडेट

जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की

नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मेन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।' शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी।

अमनदीप ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी के सातवें चरण में सत्र का पहला खिताब जीता

मैसुरु : भारतीय महिला गोल्फर अमनदीप ड्राल ने शनिवार को यहां हीरो डब्ल्यूपीजीटी में लगातार तीसरे दौर में एक ओवर 71 का कार्ड बनाया जिससे वह 15 महीने के इंतजार के बाद खिताब जीतने में सफल रही। अमनदीप ने पिछली बार खिताब मार्च 2024 में जीता था। उनका 2015 के बाद से हर साल कम से कम एक खिताब जीतने का सिलसिला जारी रहा। इससे वह हीरो टूर पर सबसे निरंतर खिलाड़ियों में शुमार हो गईं। इस सत्र में वाणी कपूर ने तीन, स्नेहा सिंह ने दो और रिया पूर्वी सरवरनन ने दो खिताब जीते हैं। अमनदीप ने कुल तीन ओवर 213 का स्कोर बनाया। वह रिद्धिमा दिलावड़ी से दो शॉट आगे रही।

शोएब अख्तर को क्रिकेट इतिहासकार ने मानहानि के लिए कानूनी नोटिस भेजा

कराची : पाकिस्तान के जाने-माने क्रिकेट इतिहासकार, लेखक और टेलीविजन शख्सियत डॉ. नौमान नियाज ने उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाते हुए पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को नोटिस भेजा है। सरकारी स्वामित्व वाले पाकिस्तान टेलीविजन नेटवर्क (पीटीवी) के पूर्व खेल निदेशक डॉ. नियाज ने अपने वकील के माध्यम से यह नोटिस भेजा है। अख्तर ने कथित तौर पर उनके पाकिस्तान टीम के साथ कार्यकाल के दौरान उन्हें 'किट मैन' बताया था। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने एक पॉडकास्ट पर कहा, 'डॉ. नियाज मूल रूप से टीम में हमारे लिए बैग और सामान ढोते थे।' अख्तर जब पाकिस्तान टीम के खेलते थे तब डॉ. नियाज ने कुछ दौरों पर पाकिस्तान टीम के डेटा विश्लेषक के रूप में काम किया था। अख्तर ने टीम में कोचों और प्रबंधकों की भूमिका की आलोचना करते हुए बताया कि कैसे डॉ. नियाज खिलाड़ियों के बैग ढोने के लिए टीम में थे। उन्होंने कहा, 'उन्होंने टीम में यही काम किया। मुझे उनके किसी और काम के बारे में जानकारी नहीं है।'

भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते 24 पदक

- **सचिन, पारुल और महिला रिले टीम ने जीता रजत**

गुमी (दक्षिण कोरिया) : भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए। पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे लेकिन जब स्वर्ण पदकों की संख्या छह थी। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था।

सात्विक-चिराग का सफर सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में खत्म

सिंगापुर : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी का सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर पुरुष युगल के सेमीफाइनल में शनिवार को यहां मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक के खिलाफ हार के साथ खत्म हो गया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले गेम की बढ़त को भुनाने में नाकाम रही और 64 मिनट तक चले मुकाबले को 21-19, 10-21, 18-21 से गंवा बैठी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जबरदस्त धैर्य और जज्बे का प्रदर्शन कर सात मैच प्वाइंट बचाए लेकिन यह उन्हें हार से बचाने के लिए काफी नहीं था। सात्विक और चिराग की जोड़ी चोट और फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही जिससे यह जोड़ी विश्व रैंकिंग में 27वें पायदान पर खिसक गयी।

नायर के दोहरे शतक से भारत ए के 557 रन, लायंस के चाय तक एक विकेट पर 75 रन

कैंटरबरी (इंग्लैंड) : करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने शनिवार को यहां चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 557 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके बाद इंग्लैंड लायंस ने चाय तक एक विकेट गंवाकर 75 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज बेन मैकिनी (16) के जल्दी आउट होने के बाद एमिलियो गे 28 रन और टॉम हेन्स 25 रन बनाकर क्रीज पर थे। लायंस अभी 482 रन से पीछे हैं। अंशुल कंबोज ने मैकिनी का विकेट झटका और अपनी सटीक और स्विंग गेंदबाजी से प्रभावित किया। इससे पहले नायर के दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस पर दबदबा बनाया जिन्होंने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए। भारत ए की टीम सुबह तीन विकेट पर 409 रन से खेलने उतरी। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे।नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े।

नैतिक तरीकों से अर्जित लाभ से राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन: सीतारमण

नयी दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को संपत्ति सृजनकर्ता कहती है। उन्होंने कहा कि नैतिक तरीकों से उनके द्वारा अर्जित लाभ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, भारत में संपत्ति सृजन कभी भी वर्जित नहीं रहा है। हमने संपत्ति सृजन को बढ़ावा दिया है। हम संपत्ति सृजन चाहते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में उद्यमियों को हम संपत्ति सृजनकर्ता कहते हैं। वे चोर नहीं हैं। पंडित उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह पार्टी ही अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि वास्तविक नैतिक प्रथाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाए। इससे ही राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन होगा। एक बार जब आपके पास संपत्ति होगी, तो आप श्रम को गरिमा देंगे, आप शिक्षा देंगे, आप कौशल देंगे, और आप राष्ट्र की गति और भावना को बढ़ावा देंगे।' भारत के लिए दीनदयाल उपाध्याय के विचार को याद करते हुए, सीतारमण ने कहा कि योजना बनाते समय, हमें व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए उसका उत्थान किया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा, चाहे वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हों या फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व, इन दो प्रतिष्ठित नेताओं के नेतृत्व में हर सरकारी नीति एकात्म मानववाद को प्रतिबिंबित करती रही है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' वही है, जो आप दीन दयाल उपाध्याय द्वारा प्रचारित अंत्योदय सिद्धांत में पाते हैं। सीतारमण ने कहा, यदि आप सभी को गरीबी से बाहर निकालते हैं, उन्हें रोजगार देते हैं, उन्हें एक निश्चित जीवन स्तर देते हैं और उन्हें मूलभूत बुनियादी आवश्यकताओं तक पहुंच देते हैं, तो इसके चलते वे पहले से बेहतर स्थिति में होते हैं और देश की उत्पादक क्षमताओं तक उनकी पहुंच अधिक होती है।

इंडिगो ने आदमपुर-मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू की

मुंबई : घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने शनिवार को मुंबई से पंजाब के आदमपुर (जालंधर) के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवाओं की घोषणा की। यह उड़ान दो जुलाई से शुरू होगी। इंडिगो ने कहा कि आदमपुर एयरलाइन का 92वां घरेलू गंतव्य होगा। इस सीधी उड़ान के साथ पंजाब के कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मुंबई महानगर क्षेत्र के प्रमुख बंदरगाहों तक आसान पहुंच मिलेगी, जिससे व्यापार के अवसर बढ़ेंगे। एयरलाइन ने कहा कि नया मार्ग रणनीतिक रूप से व्यवसाय और पर्यटन संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, 'आदमपुर, मुंबई से हमारा 55वां घरेलू और 77वां समग्र गंतव्य बन गया है। हम इस क्षेत्र में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने घरेलू नेटवर्क को बढ़ाना जारी रखेंगे।'

सीबीआईसी ने जीएसटी पंजीकरण में देरी के सोशल मीडिया दावों को खारिज किया

नयी दिल्ली : केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शनिवार को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण देने में देरी और भ्रष्टाचार के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक दावे को खारिज करते हुए कहा कि आवेदक ने अभी तक दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा मांगे गए विवरण पेश नहीं किए हैं। एक व्यक्ति ने पेशेवरों के लिए सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर बताया कि कैसे 20 दिन पहले आवेदन करने के बाद भी उसे जीएसटी पंजीकरण नहीं दिया गया है। इस पोस्ट को 'एक्स' पर एक अन्य उपयोगकर्ता ने साझा किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि जीएसटी पंजीकरण देने में 'भ्रष्टाचार' है। 'एक्स' पर ही सीबीआईसी ने मामले के तथ्य दिए और कहा कि आवेदन इस सप्ताह 26 मई, 2025 को दायर किया गया था, जिसे दिल्ली राज्य जीएसटी को सौंपा गया था। सीबीआईसी ने कहा कि इस मामले में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी। इसने कहा कि दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों के अनुसार, मामले को तुरंत संसाधित किया गया था और कंपनी की ओर से किराया समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पदनाम नहीं होने के बारे में सवाल किया गया था।

इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करेंगे: ट्रंप

वेस्ट मिफ्लिन (पेन्सिल्वेनिया) : मेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है। बाद में सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा, और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिर्माता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिर्माता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा 'आंशिक स्वामित्व' के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा।

कोटक महिंद्रा बैंक ने पारितोश कश्यप का पदोन्नयन ईडी के रूप में किया

नयी दिल्ली : निजी क्षेत्र के ऋणदाता बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद के लिए वर्तमान में समूह अध्यक्ष, पारितोश कश्यप को पदोन्नयन देने की घोषणा की। यह फैसला, नियामकीय अनुमोदन के अधीन है। कश्यप, कोटक समूह के साथ तीन दशकों से अधिक समय से है और वर्ष 2022 से थोक बैंकिंग व्यवसाय का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने समूह के साथ अपने लंबे करियर के दौरान व्यवस्थित वित्त, रियल एस्टेट और ऋण पूंजी बाजार सहित कई प्रमुख व्यवसायों का नेतृत्व किया है। बैंक ने कहा कि शांती एकम्बराम, उप प्रबंध निदेशक, अपने वर्तमान कार्यकाल के पूरा होने पर, 31 अक्टूबर, 2025 को अपनी भूमिका से सेवानिवृत्त होंगे। कोटक महिंद्रा बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने कोटक

SHREE AGRASAIN COLLEGE
SAC
Affiliated to University of Calcutta
Gateway of Success...
4 Yr/ 3 Yr Degree Courses offered (under CCF) (Self Financed)
DIRECT ADMISSION 2025-26
Morning Shift (Girls only)
B.A. (Hons.) English, History, Hindi
(General) Education, Geography, Pol. Sc., English, History, Hindi
B.Com.
Day Shift (Co - Ed.)
B.Com. (4 Yr / 3 Yr)
B.B.A.
B.Sc. COMPUTER SCIENCE, COMPUTER APPLICATION
Fully AC
Scholarships for meritorious / needy students
Outdoor games (Cricket, Football, Badminton, Volleyball)
Career Oriented Add-On Courses
Placement Assistance
National Level Seminars, Workshops
Student friendly College
Of all the memories you make here, some you remember, some you forget. At the end, you get a new perception of life and build a solid foundation for the future.
-M. P. Shroff, Chairman
For online admission visit college website
www.shreeagrasaincollege.net
For enquiry contact helpdesk
5/2A Height Road, Liluah How 711204
(Near Liluah Railway Station)
9804774641, 9830307369, 03326554916/17

वर्ष 10, पूर्णांक 3253 अंक 063, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in